संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -290 मंगलवार , 22 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सनी देओल के बंगले की नीलामी का मामला गरमाया






## » बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि आखिर क्यों लिया गया सनी देओल के बंगले के नीलामी का नोटिस वापस? जारी किया बयान

नई दिल्ली,21 अगस्त 2023 (ए)। फिल्म गदर-2 की सक्सेस को एंजॉय कर रहे बॉलीवुड एक्टर सनी देओल के बंगले की नीलामी को लेकर हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी,

हालांकि एक्टर के मुंबई के जुहू में स्थित बंगले की नीलाम का नोटिस बैंक ऑफ बड़ौदा ने 24 घंटे में वापस ले लिया। जिसके बाद अब बैंक ने एक बयान जारी किया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को अभिनेता और भाजपा सांसद सनी देओल के मुंबई के जुहू स्थित बंगले के नीलामी नोटिस को वापस लेने में बताए गए तकनीकी कारणों पर एक बयान जारी किया है।

### 24 घंटे के अंदर नीलामी आदेश वापस

बैंक ने अपने स्टेटमेंट में अखबारों में खंडन जारी कर कहा कि यह नोटिस तकनीकी कारणों से वापस लिया जा रहा है। सनी देओल की प्रॉपर्टी की नीलामी नहीं होगी। ॠ ने बताया कि 20 अगस्त 2023 को प्रकाशित बिक्री नोटिस के बाद खुद कर्जदार यानी सनी देओल ने बकाया राशि चुकाने के लिए बैंक से संपर्क किया था। ऐसे में इस नोटिस को सिर्फ टेक्नीकल इश्यूज के चलते वापस लिया जा रहा है।

### बैंक ने बताई 3 तकनीकी कारण

21 अगस्त को जारी बैंक ने अपने लेटर में बिक्री नोटिस को वापस लेने में तकनीकी कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि सबसे पहले कुल बकाया में वसूल किए जाने वाले बकाया की सटीक मात्रा नहीं बतलाई गई। बैंक ने आगे बताया कि यह सेल नोटिस सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 8(6) के अनुसार प्रॉपर्टी के सिम्बोलिक पजेशन पर बेस्ड है। बैंक ने फिजिकल पजेशन के लिए 01 अगस्त 2023 को चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट को एक एप्लीकेशन दी थी, जो अभी परमिशन के लिए पेंडिंग है। वहीं कहा गया है कि यह संपत्ति इकाई उधारकर्ता द्वारा बताए अनुसार चल रही है, ऐसे में भौतिक कब्जा यानी कि फिजिकल पजेशन मिलने के बाद एसएआरएफएईएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बिक्री कार्रवाई शुरू किया जाएगी।

### सनी देओल पर 56 करोड़ रुपए का लोन

रविवार (20 अगस्त) को पब्लिश हुए एक बैंक नोटिस के अनुसार सनी देओल ने 56 करोड़ रुपए लोन लिया था, जिसे नहीं चुकाने पर 25 सितंबर को बंगले की नीलामी की तारीख दी गई थी। बैंक ने एक्टर से लोन रिकवरी का एक नोटिस विज्ञापन भी छपवाया था।

## सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द करने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### कहा-24 घंटे में कहां से आ गए टेक्निकल रिसन?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को अभिनेता से नेता बने सनी देओल के जुहू स्थित आवास की ई-नीलामी के लिए बैंक नोटिस वापस लेने को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तंज कसा और कहा, आश्चर्य है कि इन तकनीकी कारणों को किसने शुरू किया। पार्टी के महासचिव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि कल दोपहर को देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये का कर्ज वापस न करने पर भाजपा सांसद सनी देओल के जुहू स्थित आवास को ई-नीलामी के लिए रखा है।
आज सुबह, 24 घंटे से भी कम समय में देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'तकनीकी कारणों' से नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा, आश्चर्य है कि इन 'तकनीकी कारणों' को किसने शुरू किया? गौरतलब है कि सनी देओल पंजाब के गुरदासपुर संसदीय क्षेत्र से बीजेपी के लोकसभा सांसद है। कांग्रेस नेताओं की यह टिप्पणी केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) द्वारा 30 जून को 34,832.16 करोड़ रुपये के सकल गैर-निष्पादित ऋण से लदे होने सूचना के बाद आई है, जिसने अभिनेता की नीलामी के अपने फैसले को वापस लेने का फैसला किया है।

## जस्टिस गीता मित्तल कमेटी ने सुप्रीमकोर्ट को सौंपी मणिपुर हिंसा के तीन रिपोर्ट्स

नई दिल्ली,21 अगस्त 2023 (ए)।तीन मई से मणिपुर में जारी हिंसा के मामले में रिटायर्ड जस्टिस गीता मित्तल कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सौंप दी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि मणिपुर हिंसा को लेकर जस्टिस गीता मित्तल की कमेटी ने अपनी तीन रिपोर्ट सौंपी हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को रिपोर्ट देखने और जवाब देने के लिए कहा है।

मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की तीन पूर्व महिला जजों की एक कमेटी बनाई थी और उनको पूरी हिंसा पर एक रिपोर्ट बनाने के लिए कहा था। कमेटी का अध्यक्ष जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल को बनाया था। साथ ही इस कमेटी में जस्टिस (रिटायर्ड) पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड) आशा मेनन को भी शामिल किया था। अब कमेटी ने मणिपुर हिंसा पर अपनी रिपोर्ट बनाकर सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है।

## ट्यूनीशिया में फंसे पंजाब और हरियाणा के 17 लोगों की स्वदेश वापसी

### सांसद विक्रमजीत साहनी ने निभाई अहम भूमिका

नई दिल्ली,21 अगस्त 2023 (ए)। सरकार ने ट्यूनीशिया में एक सशस्त्र समूह के चंगुल में फंसे पंजाब एवं हरियाणा के 17 लोगों को उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद सुरक्षित रिहा कराने के बाद स्वदेश वापसी करा दी।




सूत्रों ने आज यहां बताया कि विदेश मंत्रालय और ट्यूनिस स्थित भारतीय दूतावास के निरंतर प्रयासों के बाद, पंजाब और हरियाणा से 17 भारतीय नागरिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक भारत ले जाया गया है। पंजाब और हरियाणा राज्यों से आने वाले, इनमें से प्रत्येक व्यक्ति ने लीबिया में आकर्षक रोजगार के अवसरों के वादे से आकर्षित होकर एक एजेंट को 13 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। हालाँकि, उनके सपने तब चकनाचूर हो गए जब उन्हें पता चला कि प्रदान किए गए वर्क परमिट अरबी में थे, जिससे वे पूरी तरह से चकित हो गए। बंधक बनाए गए लोगों के माता-पिता मई में सांसद विक्रमजीत सिंह से संपर्क करने में कामयाब रहे, जिन्होंने बाद में उन्हें बचाने के लिए ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, पंजाब पुलिस ने इस गंभीर मामले के जटिल विवरण का पता लगाने के लिए एक समर्पित विशेष जांच दल (एसआईटी) की स्थापना की। सूत्रों के अनुसार यह मामला 26 मई 2023 को फंसे हुए भारतीय नागरिकों के परिवारजनों द्वारा ट्यूनिस में हमारे दूतावास के ध्यान में लाया गया था। भारत से तस्करी के बाद भारतीयों को लीबिया के ज़वारा शहर में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बना लिया गया था। तब से दूतावास परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में था। सूत्रों के मुताबिक भारतीय दूतावास ने मई और जून के दौरान और साथ ही अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से नियमित रूप से लीबियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया। गत 13 जून को, लीबियाई अधिकारियों ने भारतीय नागरिकों को बचाने में सफल रहे, लेकिन उन्हें अपनी हिरासत में ही रखा क्योंकि यह अवैध रूप से देश में प्रवेश का मामला था।

# फिर सामने आया गोवा पेपर स्प्रे मामला

## » बाल अधिकार निकाय ने की आरोपी छात्रों को बहाल करने की मांग



पणजी,21 अगस्त 2023 (ए)। उत्तरी गोवा के बिचोलिम में एक उच्च माध्यमिक स्कूल में छात्राओं पर पेपर स्प्रे छिड़कने के मामले में गोवा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (जी एस सी पी सीआर) ने यह मांग की है कि आरोपी छात्रों का निलंबन रद्द किया जाए। उत्तरी गोवा के बिचोलिम में एक उच्च माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाली लगभग 11 छात्राओं पर स्कूल के ही छात्रों ने पेपर स्प्रे छिड़का था, जिसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।स्कूल प्रबंधन ने इस मामले में आरोपी पांच छात्रों को एक महीने के लिए कक्षा से निलंबित कर दिया गया। जीएससीपीसीआर के चेयरपर्सन पीटर बोर्गेस ने आईएएनएस से बात करते हुए इन पांच छात्रों को दी गई सजा को 'कठोर' बताया। उन्होंने कहा, निलंबन रद्द करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र भेजा है।

पत्र में लिखा, आयोग समझता है कि यदि कोई छात्र दुर्व्यवहार करता है तो स्कूल को उचित प्रतिबंध लगाने का अधिकार है, लेकिन एक महीने के लिए निलंबन जैसी कार्रवाई से छात्रों के जीवन में पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

आगे लिखा, इन पांच छात्रों को दी गई सजा से वह खुद को अपमानित और अलग महसूस करेंगे। यह उनके अधिकारों का उल्लंघन है। स्कूल प्रबंधन को चहिए कि वह छात्रों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं पर अधिक ध्यान देने के साथ, बच्चे की मानवीय गरिमा का सम्मान करे। छात्रों को कई और जटिल तनावों का सामना करना पड़ता है, जिसे स्कूल प्रशासन को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है।

पत्र में कहा गया, दंडात्मक प्रक्रियाएं और अनुशासन प्रथाएं छात्रों को स्कूल से विमुख करने में योगदान कर सकती हैं जिससे स्कूल में नकारात्मक माहौल पैदा हो सकता है। एक प्रगतिशील अनुशासन दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो छात्रों को स्कूल में रहने और व्यवहार संबंधी मुद्दों के लिए आवश्यक सेवाएं प्राप्त करने की अनुमति दे।

आगे कहा, बाल संरक्षण नीति छात्रों से अपेक्षित व्यवहार के मानक निर्धारित करेगी और यह भी रेखांकित करेगी कि यदि बच्चे का व्यवहार अपेक्षित मानकों से नीचे गिरता है तो स्कूल को क्या करना चहिए।




## बर्मिंघम से अमृतसर एयरपोर्ट पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की पर्ची,मचा हड़कंप

अमृतसर,21 अगस्त 2023 (ए)।अमृतसर एयरपोर्ट से बड़ी खबर सामने आई है। खबर बम की सूचना को लेकर है जोकि एक पर्ची से मिली। सोमवार को बर्मिंघम से अमृतसर एयरपोर्ट पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी वाली पर्ची मिली है। यह पर्ची विमान के टॉयलेट में सफाई कर्मचारी को मिली। इस पर्ची पर बम लिखा हुआ था। पर्ची मिलने से अफरा-तफरी मच गई। फिर तलाशी अभियान चलाया गया और जांच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। हालांकि खबर लिखे जाने तक फ्लाइट ने उड़ान नहीं भरी थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 8 बजे बर्मिंघम से एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या ढ्ढ118 अमृतसर के गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसके बाद सभी यात्री चेक आउट कर गए। यात्रियों के चले जाने के बाद विमान को हैंगर में लगाकर साफ-सफाई का काम चल रहा था। इसी दौरान बम वाली पर्ची मिली।

## भरी सभा में नेता जी पर फेंक दिया जूता,समर्थकों ने आरोपी को जमकर पीटा

लखनऊ,21 अगस्त 2023 (ए)। उत्तर प्रदेश की राजधानी में सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंका। युवक को सपाइयों ने खूब पीटा। पुलिस युवक को पकड़कर ले गई। हमले में स्वामी प्रसाद मौर्य बाल-बाल बच गए। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। स्वामी सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने



के लिए पहुंचे थे। कार से उतरकर वह अंदर जा रहे थे, तभी वकील की ड्रेस में आए युवक ने जूते से उन पर हमला कर दिया। जूता स्वामी प्रसाद को छूता हुआ दूर गिरा। सम्मेलन में हंगामा मच गया। सपा कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। युवक की पहचान आकाश सैनी के रूप में हुई है। उसका कहना है कि वह हिंदू धर्म के बारे में की गई स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों से आहत था। पुलिस ने पहुंचकर आकाश को कार्यकर्ताओं से छुड़ाया। उसको हिरासत में लिया।

# सदनों में चर्चा-संवाद का स्तर गिर रहा है...

### जनता को अपने नेताओं से पूछना चाहिए सवालः ओम बिरला

उदयपुर,21 अगस्त 2023 (ए)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदनों में चर्चा-संवाद का स्तर लगातार गिरते जाने की बात कहते हुए कहा है कि यह तभी रूक पाएगा, जब जनता अपने जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछेगी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का सोमवार को शुभारंभ करने के दौरान सदनों में लगातार बढ़ रहे व्यवधान और नारेबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सदनों में चर्चा-संवाद का स्तर गिर रहा है।

उन्होंने कहा कि सदन के अंदर गतिरोध, व्यवधान, नारेबाजी और असंसदीय व्यवहार को तभी रोका जा सकेगा, जब जनता अपने जनप्रतिनिधियों से उनके इस व्यवहार के लिए सवाल पूछेगी।

उन्होंने कानून निर्माण में भागीदारी गिरते जाने की बात कहते हुए आगे यह भी कहा कि इस स्थिति को सुधारने के लिए जनता की भागदारी बढ़ानी होगी और इसमें डिजिटल माध्यम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने सदनों में डिजिटलाइजेशन और आईटी के उपयोग को बढ़ाना देने की बात कहते हुए कहा कि आज देश की कई विधानसभाएं पेपरलेस हो चुकी है। सभी स्पीकरों से निष्पक्षता के साथ काम करने का आह्वहन करते हुए यह भी जोड़ा कि आसन पर बैठकर पीठासीन अधिकारियों को निष्पक्षता के साथ निर्विवाद भूमिका निभानी चाहिए ताकि आसन का सम्मान बना रहे।

बिरला ने सहमति-असहमति, पक्ष और विपक्ष को लोकतंत्र की ताकत बताते हुए यह भी कहा कि सकारात्मक मुद्दों पर सबको एकजुट होकर बात करनी चाहिए। सबको मिलकर सामूहिकता के साथ काम करना चाहिए। अगला 25 वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर सीपीए मुख्यालय के चेयरपर्सन इयान लिडेल-ग्रेंजर, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी सहित देश के कई अन्य राज्यों के विधानसभा स्पीकर और राजस्थान के कई अन्य विधायक भी मौजूद रहें।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी आईटी, डिजिटल और नई तकनीक के ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की वकालत करते हुए इसे देश में लेकर आने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दिया।

इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय डिजिटल युग में लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ़ करना रखा गया है। सम्मेलन के दौरान राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी सभापति और अध्यक्ष तथा उपसभापति और उपाध्यक्ष-डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी एवं कुशल बनाने के तौर-तरीकों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका पर विचार मंथन करेंगे।

## रिंकू मिश्रा के बिगड़े बोल

# जनप्रतिनिधियों को कहा दलाल

### तो.! दलाली में रहते हैं व्यस्त,किश्तों में बेच रहे अपने आप को

**रोजगार की मांग को लेकर 24 अगस्त को बिजुरी नगर के कपिलधारा कॉलोनी में स्थित जेएमएस कार्यालय के घेराव को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश के ही अन्य जिले में जा कर देखिए कि वहां क्या किसी भी कंपनी की औकात होती है कि वहां जाए और वहां के लोगों को नजरअंदाज करें और अपना काम चला ले...फर्क सिर्फ इतना है कि हमारे क्षेत्र की राजनैतिक शून्यता इस बात के लिए पूरी तरह से जवाब देह है...और इसीलिए हमारे जो जनप्रतिनिधि हैं वह केवल और केवल और केवल दलाली में व्यस्त हो जाते हैं और छोटे-मोटे केसों में वह अपने आपको बेच दे रहे हैं...इस कारण से कंपनी की इतनी हिम्मत पड़ जाती है कि वह हमारे ही क्षेत्र में आकर हमारे यहां के मूल लोगों के ऊपर, स्थानीय लोगों के ऊपर इनके द्वारा उनके अधिकारों की मांग पर मांगों को पूरा नहीं करती ऊपर से मुकदमे करवा देती है...और हमारे यहां के जो ताकतवर लोग हैं वह जिनको हमने चुना है वह उनका साथ देते हैं...लेकिन मैं यह स्पष्ट कहना चाहता हूं कि ऐसी हर परिस्थिति से हम लड़े हैं हमारे ऊपर भी मुकदमे लगे हैं...चूंकि जहाँ रामजी रिंकू मिश्रा ने सारे जनप्रतिनिधियों को दलाल बताया है,वहीं वो खुद भी एक जनप्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत में विद्यमान हैं...ऐसे में उन्हें क्या समझा जाए यह अपने आप में बड़ा सवाल है... ?**

-अरविंद दिवेदी-
अनूपपुर,21 अगस्त 2023(घटती-घटना)। जिले के कोतमा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोडहा, बसखला, बसखली एवं मोहरी में स्थापित हो रही जेएमएस माइनिंग कंपनी की कोयला खदान में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जेएमएस कंपनी के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि कंपनी संचालित होने एवं पूरे ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहित किए जाने के पश्चात रोजगार दिए जाने की बात कही गई थी। लेकिन कंपनी प्रबंधन के द्वारा वादे से मुकर जाने के आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य राम जी रिंकू मिश्रा सहित प्रभावित ग्राम के सरपंच ने इस मामले में 24 अगस्त को बिजुरी के कपिलधारा कॉलोनी में स्थित जेएमएस कंपनी कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### 1000 की जगह महज 30 लोगों को रोजगार

प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष सूरज अगरिया तथा उप सरपंच संघ के अध्यक्ष श्यामू शर्मा, जनपद सदस्य देवनाथ सिंह एवं सरपंच ठोडहा नोहर सिंह के द्वारा बताया गया कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा 476 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रभावित ग्रामों से किया गया है। जहां कंपनी प्रबंधन के द्वारा पर्यावरण जन सुनवाई के दौरान 1000 स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार योग्यता के आधार पर देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन कंपनी के द्वारा प्रभावित भूमि पर बाउंड्री वाल सहित अन्य कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और अभी तक मात्र 30 लोगों को रोजगार प्रदान करने की बात कही गई।



### अन्य प्रांत के लोगों को कंपनी दे रही रोजगार

जनप्रतिनिधियों द्वारा कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि कोतमा विकासखंड में कंपनी प्रारंभ हो रही है लेकिन प्रबंधन के द्वारा रोजगार कोलकाता सहित अन्य प्रांत के लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में योग्य व्यक्तियों की कमी नहीं है, हजारों की संख्या में माइनिंग का कोर्स किए हुए युवा रोजगार की राह देख रहे है। लेकिन कंपनी प्रबंधन बाहरी लोगों को रोजगार में अहमियत दे रही है और क्षेत्र के लोगों के साथ छलावा कर रही है।

### नहीं मिला रोजगार तो बंद कराएंगे खदान

जिला पंचायत सदस्य राम जी रिंकू मिश्रा ने कहा कि भूमिगत कोयला खदान होने की वजह से यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल है कि कंपनी ने किस किसान की भूमि पर कोयला उत्खनन प्रारंभ कर दिया है। लेकिन किसानों को यह झांसा दिया जा रहा है कि जब उनकी भूमि पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा तभी उन्हें रोजगार मिलेगा। ऐसे में कंपनी प्रबंधन ग्रामीण को बरगलाते हुए अपना कार्य प्रारंभ कर रही है। जिस पर उन्होंने कहा कि 24 अगस्त को कंपनी कार्यालय का घेराव किए जाने के पश्चात भी अगर ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने में मनमानी की गई तो स्थानीय ग्रामीणों के साथ कंपनी का कार्य बंद कराया जाएगा।

## संपादकीय

### शिंदे सरकार में कौन कैसे मंत्री बना?

महाराष्ट्र राजनीतिक प्रहसन वाला राज्य बन गया है। जितने तरह के राजनीतिक तमाशे हो सकते हैं सब वहां हो रहे हैं। शिव सेना के तमाशे के बाद एनसीपी का तमाशा अभी चल ही रहा है इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के एक नेता ने बहुत दिलचस्प बातें बताई हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में विस्तार से बताया कि इस सरकार में कौन नेता कैस मंत्री बना है। शिंदे गुट के विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक भरत गोगावले खुद मंत्री पद के दावेदार हैं। उनको पहली बार में मौका नहीं मिला। इस बारे में वे जनता को किस्से सुना रहे थे कि पहली बार में उनको मौका क्यों नहीं मिला। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि क्या क्या कारण बता कर लोग शिंदे सरकार में मंत्री बन गए।

गोगावले ने बताया कि एक विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बनते हैं तो उनकी पत्नी खुदकुशी कर लेगी। सो, पत्नी का मन रखने और जान बचाने के लिए उनको मंत्री बना दिया जाना चाहिए। इस आधार पर वे मंत्री बन गए। एक विधायक ने कहा कि अगर वे मंत्री नहीं बने तो उनके इलाके के बड़े भाजपा नेता नारायण राणे उनको खत्म कर देंगे। सो, खत्म किए जाने का डर दिखा कर उन्होंने दबाव बनाया और मंत्री बन गए। इसी तरह एक विधायक ने कहा कि अगर उनको मंत्री नहीं बनाया जाता है तो वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। सो, एक एक सीट के लिए मारामारी के समय में कौन एक विधायक का इस्तीफा होने देता इसलिए वे मंत्री बन गए। भरत गोगावले ने बताया कि ऐसे ही लोगों की वजह से वे खुद मंत्री नहीं बन पाए। लेकिन अगला विस्तार जब भी होगा तो वे मंत्री जरूर बनेंगे।

# घर की दहलीज से दूर होते बुजुर्ग

बदलते परिवेश में एकल परिवार बुजुर्गों को घर की दहलीज से दूर कर रहें है। बच्चों को दादी- नानी की कहानी की बजाय पबजी अच्छा लगने लगा है, बुजुर्ग अपने बच्चों से बातों को तरस गए है। वो घर के किसी कोने में अकेलेपन का शिकार हो रहें है। ऐसे में इनकी मानसिक-आर्थिक-सामाजिक समस्याएं बढ़ती जा रही है। महँगाई के आगे पेंशन कम होती जा रही है। आयुष्मान योजना में बुजुर्गों को शामिल कर उनके स्वास्थ्य देखभाल के साथ बुजर्गों के लिए अलग से योजनाएं लाने की सख्त जरूरत है।

घर के बुजुर्गों को परिवार की नींव कहा जाता है, बुजुर्गों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए उनसे सलाह लेनी चाहिए। उनका स्नेह और प्यार अनमोल है। हमारे देश में बुजुर्ग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन उनके लिए उपलब्ध संसाधन कम होते जा रहें हैं। ऐसे में हम सबकी जिम्मेवारी बनती है कि उन्हें एक तरफ रखने के बजाय उनकी शारीरिक और मानसिक देखभाल करने के लिए समुदायों के जीवन में एकीकृत किया जाना चाहिए, जहां वे सामाजिक परिस्थितियों को सुधारने में पर्याप्त योगदान दे सकते हैं। बुजुर्गों की %समस्या% को समाधान में बदलने का प्रयास करना बेहद जरूरी है।

देश में बुजुर्ग जनसंख्या और स्वास्थ्य चुनौतियां उभर कर सामने आई है, भारत में उम्रदराज हो रही आबादी के स्वास्थ्य, आर्थिक तथा सामाजिक निर्धारकों और परिणामों की वैज्ञानिक जांच का देश में सबसे बड़ा व्यापक राष्ट्रीय सर्वे किया गया हैं। यह भारत का पहला तथा विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सर्वे है जो सामाजिक, स्वास्थ्य तथा आर्थिक खुशहाली के पैमानों पर वृद्ध आबादी के लिए नीतियां और कार्यक्रम बनाने के उद्देश्य से लान्जिटूडनल डाटाबेस प्रदान करता है। इसमें देश तथा राज्यों का प्रतिनिधि सैम्पल सामाजिक आर्थिक परिदृश्य, व्यापक, प्रासंगिक फोकस, लान्जिटूडनल डिजाइन, डाटा संग्रह, गुणवत्ता नियंत्रण तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के लिए कम्प्यूटर असिसटेड पर्सनल इंटरव्यूइंग (सीएपीआई) टेक्नॉलॉजी का उपयोग शामिल है। इससे विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तालमेल होगा।

देश में जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में उभरते रुझानों को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक राष्ट्रीय नीति बना रहा है, जिसमें वित्तीय और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है, विकसित होते भारत में भविष्य में जनसंख्या स्वस्थ होगी और अधिक समय तक जीवित रहेगी।




अनुसंधान इंगित करता है कि भारत की 12त्न आबादी 2030 तक 60 वर्ष की आयु और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि के अनुसार होगी; यह 2050 तक बढ़कर 19।4त्न होने की उम्मीद है।

60+ आयु वर्ग के पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं होने जा रही हैं। लंबी उम्र बढ़ने से 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो लगभग 1।1 करोड़ लोगों के लिए जिम्मेदार है। 100 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 6 लाख लोगों के साथ, भारत में 2050 तक सबसे अधिक संख्या में लोग होंगे। 2011 में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 10।38 करोड़ से बढ़कर 2026 में 17।3 करोड़ और 2050 में 30 करोड़ हो गई। ऐसे में उनके कल्याण के लिए कार्यक्रमों की आवश्यकता बढ़ जाती है।

जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, परिवारों के नाभिकीयकरण, उनके दिन-प्रतिदिन के रखरखाव और उम्र से संबंधित कठिनाइयों के लिए दूसरों पर निर्भरता; बुजुर्ग लोगों के जीवन के लिए एक कठिन चुनौती है। अधिक आर्थिक निर्भरता के कारण बुजुर्ग महिलाओं के लिए समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ 70त्न बुजुर्ग रहते हैं, आर्थिक कारणों और चिकित्सा सेवाओं की खराब गुणवत्ता के कारण गंभीर स्थिति की ओर जाता है, विशेष रूप से 80 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए। 5।1 करोड़ बुजुर्ग आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है और वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ बढ़ते अपराधों के कारण, बुजुर्ग लोगों की स्थिति दयनीय है।

भारत के वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिशत हाल के वर्षों में बढ़ती दर से बढ़ रहा है और इस प्रवृत्ति के जारी रहने की संभावना है। स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की छह प्रतिशत आबादी 65 वर्ष और उससे अधिक की थी। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, हालांकि वांछनीय है, लेकिन इस से आधुनिक दुनिया के लिए नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। बढ़ती आबादी की समस्या आज कई देशों के लिए चिंता का विषय बन गई है। पेंशन और स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रावधान बजट में कमी कर रहे हैं। 100 मिलियन से अधिक बुजुर्गों के घर और अगले तीन दशकों में संख्या में तीन गुना वृद्धि की उम्मीद के साथ भारत के लिए कई चुनौतियों का सामना करना होगा।

बदलते परिवेश में एकल परिवार बुजुर्गों को घर की दहलीज से दूर कर रहें है। बच्चों को दादी-नानी कि कहानी की बजाय पबजी अच्छा लगने लगा है, बुजुर्ग अपने बच्चों से बातों को तरस गए है। वो घर के किसी कोने में अकेलेपन का शिकार हो रहें है। ऐसे में इनकी मानसिक-आर्थिक-सामाजिक समस्याएं बढ़ती जा रही है।महंगाई के आगे पेंशन कम होती जा रही है। आयुष्मान योजना में बुजुर्गों को शामिल कर उनके स्वास्थ्य देखभाल के साथ बुजर्गों के लिए अलग से योजनाएं लाने की सख्त जरूरत है। ताकि हर घर में बुजुर्गों को आशीर्वाद के रूप में देखा जाये, बोझ नहीं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



डॉ. सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

## चिंता-चिता-चिंतन

चिंता चिता के समान
जानकर भी अनजान।
विवाह योग्य हुई बेटी
मात-पिता की चिंता।
शिक्षा को रोजगार
टेस्ट पास की चिंता।
गरीबी चलते दो वक्त
पेट भरने की चिंता।
पतझड़ में वृक्षों को
वसंत आने की चिंता।
मधुर वाणी को कड़वे
स्वभाव की रहे चिंता।
सभी सुखी रहें निरोगी
सज्जन करते चिंता।
घर गृहस्ती में हाय
महंगाई खाती चिंता।
हिंसा आगजनी चलते
नारीअस्मिति की चिंता।
व्यापार जगत में टैक्स
बचाने की रहती चिंता।
समाज को उन्नतशील
राष्ट्र निर्माण की चिंता।
अन्नदाता किसान करें
फसल पकने की चिंता ।
विश्वास करें प्रभु चिंतन
रामबाण मिटती चिंता।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



अनिल कौशिक क्योड़क,
कैथल (हरियाणा)

# मानसून में घट सकता है खरीफ फसलों का रकबा

मानसून में खरीफ फसलों के रकबे में लगभग पांच प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। वहीं धान का रकबा 34.6 प्रतिशत घटकर 10.77 लाख प्रति हेक्टेयर पर आ गया है, जबकि तिलहनी फसलों का रकबा 3.3 प्रतिशत गिरकर 9.21 लाख हेक्टेयर पर आ गया है।

पहले मूसलाधार बारिश और फिर मानसून की बेरुखी से देश के कई राज्यों में बाढ़ और सूखे जैसे हालात बन गए हैं। इन वजहों से किसानों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। मानसूनी बारिश की कमी की वजह से बुआई की प्रगति में गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि बारिश मुख्य रूप से गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु और पूर्व के कुछ हिस्सों में ही हुई है। उत्तर-पूर्व क्षेत्र में कपास का रकबा एक साल पहले की तुलना में इस बार बहुत कम हो गया है, क्योंकि महाराष्ट्र में मानसूनी बारिश की कमी के कारण बुआई प्रभावित हुई है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जून तक खरीफ सीजन में बोई गई फसलों का कुल रकबा 4.5 प्रतिशत कम होकर 129.52 लाख हेक्टेयर है, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 135.64 लाख हेक्टेयर था।

खरीफ की मुख्य फसल धान का रकबा 34.6 प्रतिशत गिरकर 10.77 लाख प्रति हेक्टेयर पर है, जबकि सभी दालों का रकबा संयुक्त रूप से 3.8 प्रतिशत बढ़कर 6.54 लाख प्रति हेक्टेयर और तिलहनों का रकबा 3.3 प्रतिशत गिरकर 9.21 लाख प्रति हेक्टेयर पर आ गया है। हालांकि बाजरे की अधिक बुआई के कारण मोटे अनाजों के तहत बुआई क्षेत्र 37.9 प्रतिशत बढ़कर 18.45 लाख प्रति हेक्टेयर दर्ज किया गया है। गन्ने का रकबा साल भर पहले की तुलना में थोड़ा अधिक है और 50.76 लाख प्रति हेक्टेयर तक पहुंच गया है। वहीं दालों में तुअर 0.62 लाख हेक्टेयर (एक साल पहले के 1.8 लाख हेक्टेयर के मुकाबले), मूंग 3.83 लाख हेक्टेयर (2.72 लाख हेक्टेयर) और उड़द 0.55 लाख हेक्टेयर (0.79 लाख हेक्टेयर) में बोई गई है।



तिलहन में मूंगफली की बुआई 7.68 लाख हेक्टेयर (6.78 लाख हेक्टेयर) और सोयाबीन 0.99 लाख हेक्टेयर (1.55 लाख हेक्टेयर) में बोई गई है। मोटे अनाजों में मक्के का क्षेत्रफल 7.59 लाख हेक्टेयर (9.78 लाख हेक्टेयर), बाजरा का 9.91 लाख हेक्टेयर (2.26 लाख हेक्टेयर) और ज्वार का 0.31 लाख हेक्टेयर (0.54 लाख हेक्टेयर) तक पहुंच गया है। वहीं कपास का रकबा पिछले साल के मुकाबले 32.67 लाख प्रति हेक्टेयर से 14.2 प्रतिशत घटकर 28.02 लाख प्रति हेक्टेयर हो गया है, क्योंकि महाराष्ट्र, पंजाब और कर्नाटक में बुआई कम हो गई है। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कपास का रकबा अधिक बताया गया है। जूट और मेस्टा के रकबे में 12.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.77 लाख प्रति हेक्टेयर की गिरावट दर्ज की गई है।

जून तक देश में 129.53 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हो चुकी है, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग 6.12 लाख हेक्टेयर कम है। हालांकि पिछले साल भी मानसून देरी से आया था। साल 2021 से तुलना करें तो चालू सीजन में लगभग 30 प्रतिशत (54.87 लाख हेक्टेयर) क्षेत्र में बुआई कम हुई है। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र व पंजाब हैं। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान है और जून में होने वाली बारिश धान के लिए काफी महत्व रखती है, परंतु इस सीजन में धान उत्पादक राज्यों में बारिश न होने के कारण धान का रकबा कम हुआ है। चालू सीजन में धान की 10.767 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई है, जबकि 2021 में 36.02 लाख हेक्टेयर में बुआई हो चुकी थी। यहां तक कि पिछले साल में भी मानसून में देरी होने के बावजूद 16.456 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई हो चुकी थी।

इधर, खरीफ की बुआई का रकबा मुख्य तौर पर धान, दलहन (विशेषकर अरहर और उड़द) की बुआई में कमी के कारण घटा है। पिछले महीने के दूसरे पखवाड़े से मानसून में अच्छी प्रगति दिख रही है, जिस कारण उम्मीद है कि आगे बारिश में तेजी के साथ ही बुआई में कमी की काफी हद तक भरपाई हो जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि सही समय पर बुआई हो गई तो पैदावार में ज्यादा गिरावट नहीं दिखेगी। देश में करीब 10.1 करोड़ हेक्टेयर भूमि पर खरीफ फसलें बोई जाती हैं। इसमें से करीब 3.534 करोड़ हेक्टेयर में बुआई पूरी हो चुकी है, इसलिए अगस्त के बाकी हफ्तों में बारिश बेहद जरूरी है। अरहर जैसी कुछ फसलों की पैदावार में गिरावट की आशंका का असर बाजार में पहले ही दिखने लगा है। तमाम कोशिशों के बाद भी इनकी कीमतों में कोई खास कमी नहीं हो पा रही है। इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के प्रयासों को झटका लग सकता है, क्योंकि अरहर रोजमर्रा के भोजन में इस्तेमाल होती है।

किसानों ने इस बार 36.1 मिलियन हेक्टेयर में चावल की बुआई की है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। इस बार किसानों ने 36.1 मिलियन हेक्टेयर (89.2 मिलियन एकड़) में चावल लगाया है, जो पिछले साल की समान अवधि से 4.3 प्रतिशत अधिक है। भारत चावल उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया का सबसे ज्यादा बड़े अनाज उत्पादक में आता है। पिछले महीने सरकार ने अपने सबसे बड़े चावल निर्यात श्रेणी को रोकने का आदेश दिया था। इस फैसले के बाद से दुनिया के सबसे बड़े अनाज निर्यात द्वारा शिपमेंट लगभग आधा हो जाएगा। इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि फसल की पैदावार पिछले साल के मुकाबले ज्यादा कीमत में बाजारों में बिकेगी। कृषि मंत्रालय का कहना है कि इस बार किसानों को कम कीमत पर अपनी फसल बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। अगर ऐसा होता है तो कम पैदावार के बावजूद इस मानसून को देश के किसानों के लिए शुभ कहा जा सकता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



डॉ. मनोज मुरारका
जयपुर, राजस्थान

# कहानी सरगुजा के स्नेक मैन कहे जाने वाले सत्यम की





एक कहानी है सरगुजा के स्नेक मैन कहे जाने वाले सत्यम की ,जिन्होंने पी.एस.सी की पढ़ाई को छोड़ अपना रुख बेजुबान जीवों की सेवा की ओर मोड़ लिया , और कहलाने लगे स्नेक मैन, सत्यम ने सांपो का रेस्क्यू का कार्य 2015 में प्रारंभ किया , लॉकडॉन 2019 के दौरान से सत्यम ने सांपो के संरक्षण को अपना जीवन बना लिया , और अब तक 8000 से अधिक सांपो का रेस्क्यू कर चुके है ! जिनमे 1500 से अधिक नाग सामिल भी है , सत्यम न केवल सांपो का रेस्क्यू करते है बल्कि , घायल , सांपो का उपचार कर उनकी जान भी बचाते है ! सी.पी.आर तकनीक से बचाई थी नाग की जान , सत्यम ने फोरेट दावा से गंभीर रूप से घायल किए नाग को सी.पी.आर यानी मुंह से सांस दिया ! जिससे उसकी जान बच पाई ! लगभग 29 से अधिक बार सर्प दंश के भी सीकर बन चुके है ! सत्यम अपने 8 वर्षो के इस सेवा कार्य में 200 से अधिक बार सम्मानित हो चुके है ! सत्यम का सपना , देश का दूसरा वेनम सैंटर और स्नेक पार्क खोलने की है ! जिसपर सत्यम अपने संस्था नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी ऑफ छत्तीसगढ के माध्यम से कार्य कर रहे है !

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## निरपराध

दर्द भूख का था,रोना गरीबी का
चीख निकली छत-छप्पर का
खून-अश्रु बहे तुच्छ तीतर का
सोंचते रहे हल निकलेगा
आज नही तो कल निकलेगा
आस लगाकर देखते रहे
वो रोटियाँ अपनी सेंकते रहे
हमारे घर के मसला को
परिवर्तित कर दिये असला में
धर्म से समाधान ढूँढने लगे
फिर बचे गृह को भी फूँकने लगे
आजीविका के साधन माँग रहे थे
मूल भूत सुविधा आह्वान रहे थे
जब-जब चाहे तनिक आह्लाद
हर बार मिला दंगा-फसाद
अब खो दिए उस नन्हे सपनों को
जो पास थे सब अपनों को
यह सब माजरा समझ न आया
कुर्सी का दायरा समझ न पाया
शायद वह जाने वाली थी
खिली फूल मुरझाने वाली थी
इसीलिए जान की आफत बन गये।
निरपराध हम सूली चढ़ गये।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़

## केवल आप

यहाँ यह पवित्रशास्त्र का सार है
तुम्हारे बिना मैं नहीं होता
यहां गर्व करें
बिना पहचान के जाना
होने वाला
यदि आप नहीं करते हैं तो मैं नहीं
तुम तुम हो मैं मैं हूँ
मेरी भी कविता हो तुम
तुम प्यार में हो
तुम मेरे आकर्षण हो
आप वही हैं जो आप हैं
और आप आप हैं
तुम वही हो जो मैं हूँ
इसे समझने की बात के रूप में
मुझमें एक सांस डालो
आपको यहां ढूंढ़ना
सिर्फ मेरे लिए नहीं है
हाँ आप के लिए
यह आप के लिए है ...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



ओटेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई, तमिलनाडु.

# हाईकोर्ट की टिप्पणी को संजीदगी से लें महिलाएं

हाल ही में तलाक के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने जीवन साथी पर अवैध संबंध होने के झूठे आरोप को क्रूरता की विशेष श्रेणी में डाला है। मौजूदा मामले में एक स्त्री वर्षो से अपने पति पर अवैध संबंध का आरोप लगा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह के आरोप दो लोगों के बीच के भरोसे और विश्वास को तो तोड़ते हैं ही, साथ ही वैवाहिक रिश्ते को भी खत्म कर देते हैं। इतना ही नहीं, अवैध संबंध को साबित करने के लिए वादी महिला के पास कोई साक्ष्य नहीं होना, वैवाहिक जीवन में लगभग अंतिम कील ठोकने के बराबर है। निश्चित रूप से यह मानसिक क्रूरता की पराकाष्ठा है। आश्चर्य है कि इक्कीसवीं सदी में जब हम बौद्धिक रूप से मनस्वी होने और वैकि विकास के साथ कदमताल करने का हुंकार भर रहे हैं, तब देश में जड़ता और कुत्सित संकीर्णता की ऐसी बातें आदिमता का स्मरण कराती हैं। पुरुष भी प्रताड़ना और शोषण के शिकार हो सकते हैं। इस पर समाज और परिवार में विरले ही चर्चा होती है। हजारों मामले हैं, जहां महिलाओं द्वारा पुरुषों पर क्रूरता और हिंसा के मिथ्या आरोप जड़ कर उनके सामाजिक रु तबे और प्रतिष्ठा का क्षरण किया गया है। इससे भी बढ़कर लाखों मामले ऐसे हैं, जिनमें बेगुनाह पति झूठे आरोपों के दलदल में फंसकर अपना जीवन गंवा बैठे हैं। माना कि ईर की अनुपम कृति स्त्री अपने अनेक रूप में समाज और परिवार की महत्त्वपूर्ण इकाई रही है, लेकिन वो क्यों भूल जाती है कि पुरुष ही इस अधूरी इकाई को पूरी करने का एकमात्र जरिया है। उसके बगैर संतुलन की कोशिश बेजा है। किसी भी परिस्थिति में उसके रूपक, बिंब और व्यक्तित्व को स्त्रियों के मुकाबले कमतर नहीं आंका जा सकता। व्यक्ति की निर्मल आत्मा उसकी मूलभूत पूंजी और संपत्ति है। इसी से संपन्न श्रीहीन निर्धन भी धनकुबेर है। इसे समझने की बेसाख्ता जरूरत है। विडंबना है कि समानता, स्वाधीनता और संतुलन की मांग करते-करते औरतें आक्रांता बनती जा रही हैं। उनके मन की निर्मलता गायब हो रही है, और वे कुंठित स्त्रीत्व के साथ घुटने को मजबूर हैं। जाहिर है कि जीवन साथी के साथ सामंजस्य बिठाने की बजाय उस पर झूठे और बेबुनियाद आरोपों से जीवन भर की संचित प्रसन्नता खोखले छिद्रों से रिस रही है, जिससे उसका असल आनंद समाप्त हो रहा है। रिश्तों के बीच उभरतीं दरार भरने के लिए और पति-पत्नी के बीच संत्रास, कुंठा, और व्यर्थता बोध के विश्लेषण के लिए परिवार और समाज, दोनों को मिलकर समय निकालना होगा।

-डॉ. दर्शनी प्रिय-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सकारात्मक सोच और नवीन संकल्प जीवन की सफलता के सार्थक आयाम

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैंद्य निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो होंद्य मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैद्य निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा,




सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




संजीव कुमार ठाकुर
चौबे कॉलोनी रायपुर छत्तीसगढ़

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा सम्भाग के युवाओं से करेंगे भेंट-मुलाकात

## संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का करेंगे लोकार्पण






-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री अब 22 अगस्त को सरगुजा संभाग के युवाओं के साथ अम्बिकापुर के शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड के हॉकी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के विकास के मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं और प्रदेश के विकास और समृद्धि में युवाओं की आकांक्षाओं पर युवाओं से भेंट मुलाकात कर सीधे संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर युवाओं से ष्गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ष् की परिकल्पना को साकार करने पर चर्चा करेंगे।

पूर्व में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में युवाओं ने प्रदेश के विकास के संबंध में अपनी आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है तथा युवा हित में मुख्यमंत्री द्वारा अनेक बड़ी घोषणाएं भी की गई है। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी जिलों सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सुरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-भरतपुर जिले से बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवा, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य युवा भी मुख्यमंत्री से सीधे बात कर करेंगे।

### जिला कलेक्टरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का होगा अनावरण

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा जिला कलेक्टरेट कार्यालय परिसर में स्थापित किए गए छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया थाए जिससे लोगों में राज्य की संस्कृति के प्रति चेतना जागृत हो। छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं।

### संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण किया जाना है। प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से अम्बिकापुर के केशवपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की घोषणा पश्चात शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को अपग्रेड करते हुए सुविधाओं के विस्तार हेतु जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य हुए। आज छात्रों के लिए आधुनिक समय अनुरूप तकनीकों, स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लाईब्रेरी, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष जैसे अन्य सुविधाओं के साथ महाविद्यालय तैयार है। महाविद्यालय में कुल 2.54 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य किए गए हैंए जिसमें 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण और कुल 1०33 करोड़ की लागत से गार्डन का सौन्दर्यीकरण एवं सीण्सीण्रोड निर्माण, प्रथम तल पर प्रयोगशाला पुस्तकालय का नवीनीकरण एवं अहाता, भूतल पर प्राचार्य कक्ष ऑफिस का नवीनीकरण एवं प्रवेश द्वार एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य शामिल है।

# जूनियर डॉक्टर व स्टाफ नर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। नर्सिंग संवर्ग एवं चिकित्सकों द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है। पूर्व घोषणा के अनुसार सोमवार को नर्सिंग संवर्ग एवं चिकित्सक एकजुट होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। उपमुख्यमंत्री व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के गृह जिले व नगर में शुरू किए गए आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में इन्होंने कहा कि उनकी मांगों को शासन-प्रशासन द्वारा नजरअंदाज किया जाता रहा है। हाल में अनुपूरक बजट में भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उपेक्षा की गई है। ऐसे में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन अपनी मांगो को लेकर प्रांतव्यापी चरणबद्ध आंदोलन 11 अगस्त से शुरू कर दिया था। स्टाफ नर्सों के हड़ताल से पहला दिन स्वास्थ्य व्यवस्था पर कोई विशेष असर नहीं पड़ा है। अगर अनिचितकालन हड़ताल ज्यादा दिनों तक चला तो जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था विगड़ सकती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था संभागलने की जिम्मेदारी 106 परिवीक्षा अवधि व 12 नर्सिंग स्टॉफ ने संभाल रखा है।

# अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित किया विशाल स्वास्थ्य शिविर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)



राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटिड के अदाणी फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर में घाटबर्रा, तारा, फत्तेहपुर, परसा, साल्ही, बासेन, शिवनगर, जनार्दनपुर, सैदु, सुस्कम और परोगिया सहित कुल दस गांवों के कुल 262 ग्रामिणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। जिले के उदयपुर विकासखंड में अदाणी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम घाटबर्रा में किया गया। आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सरकारों के तहत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल मिश्रा के नेतृत्व में सरदार रणजीत सिंह अस्पताल की एक समर्पित चिकित्सा टीम, एंडोक्रिनोलॉजी और मधुमेह विज्ञान में विशेषज्ञ डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा, बाल रोग में डॉ. संयुक्ता जैन, पोषण विशेषज्ञ के डॉ गुरलीन कौर और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कंचन माझी द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न आयु समूहों में स्वास्थ्य संबंधी बिमारियों में मुख्यतौर पर खांसी, सर्दी, बच्चों में दस्त, महिलाओं में अनियमित मासिक धर्म, मूत्र पथ के संक्रमण (यूटीआई), योनि स्राव, गुर्दे और पित्ताशय की पथरी, स्तन दर्द, एनीमिया, गठिया, पीठ दर्द पैर में सूजन जैसे अन्य आर्थोपेडिक, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी सामान्य स्वास्थ्य संबंधी रोगों का ईलाज और आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दिया गया। शिविर में अंबिकापुर की पैथकाइंड मेडिकल परीक्षण टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की चिकित्सीकिय जांच किया गया। शिविर के सफल अयोजन में अदाणी फाउंडेशन के कर्मचारियों सहित अदाणी इंटरप्राइजेज के प्रमुख चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार पुंगले, डॉ. चंद्र नाथ डे सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ उपस्थित थे। इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में अदाणी फाउंडेशन, सरगुजा से श्री सौरभ सिंह, श्री अनिल जयसवाल, श्री अमित रॉय, डॉ. पूजा पांडे, सिस्टर यानिकी करियाम द्वारा सहयोग किया गया। आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र के आसपास के प्राभावित 14 ग्रामों में उत्कृष्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन तथा अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। जिनमें अदाणी विद्या मंदिर द्वारा 750 से अधिक आदिवासी और स्थानीय बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में शिवचरण सरगुजा केशरी व अवनीश बने सरगुजा कुमार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)





सरगुजा कुश्ती संघ के तत्तवावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागपंचमी उत्सव पर दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललन सिंह ने सभी पहलवानों को उनके खेल में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे पहलवानों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और आयोजन से उन्हें तैयारी कर अपने खेल के गुणों का विकास करने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि कुश्ती में हमारे पहलवान अच्छा खेल रहे हैं और कुश्ती का गद्दा भी दिया। इस दौरान उन्होंने हर संभव संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही।

सरगुजा कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि कुश्ती के खिलाडियों को नियमित अभ्यास जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करे इसके लिए शिक्षण, प्रशिक्षण एवं बेहतर आयोजन और संसाधन उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं करेंगे। वहीं संघ के उपाध्यक्ष दीपक सिंह तोमर ने कहा कि हर वर्ष आयोजन को बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। जिससे स्थानीय कुश्ती के खिलाडियों को अच्छा अवसर मिल सके। इस दौरान संरक्षक रामा पाण्डेय, बालकृष्ण शर्मा, सत्येन्द्र तिवारी, बच्चू तिवारी, संजीव वर्मा, आनंद सिंह, अजय सिंह, कौसतूभ अवस्थी, अमृत यादव, विनाल गुप्ता, विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, सोलू सिंह, गोल्डी मिश्रा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, प्रियेश अग्रहरी, सुनील यादव, संजय यादव, दीपक यादव, अभिषेक तिवारी, हर्ष पाण्डेय, अभिजीत पाण्डेय, भोलू सिंह, अमन गुप्ता, निर्णायक मंडल विवेक पांडेय, राजेश प्रताप सिंह, सौभिक दास गुप्ता, राहुल चौरसिया, संत गहीरवार शामिल रहे।

### विजेता व उप विजेता को किया गया पुरस्कृत

सरगुजा केशरी विजेता शिवचरण निषाद रायपुर को 11 हजार नकदी व शील्ड, उप विजेता अनिल कुमार असोला 51 सौ नकदी व शील्ड, सरगुजा कुमार विजेता अवनीश पाण्डेय अम्बिकापुर को 51 सौ नकदी व शील्ड, उपविजेता लक्ष्मण जोगी रायबरेली उत्तर प्रदेश 31 सौ नकदी व शील्ड, सरगुजा अभिमन्यु विजेता अर्जुन सारथी असोला को 21 सौ रुपए नकद व शील्ड, उपविजेता मनोज कोरवा अंबिकापुर 11 सौ नकदी व शील्ड दिया गया।

# लिपिकों की अस्मिता हेतु संघर्ष का आह्वान

## लिपिकों की वेतन विसंगति एवं पदनाम परिवर्तन हेतु एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, संचालनालय विभाग अध्यक्ष कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ वन लिपिक संघ, छत्तीसगढ़ कोषालय कर्मचारी संघ, जनपद एवं जिला पंचायत कर्मचारी संघ तथा छत्तीसगढ़ निगम मंडल महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन के बैनर तले दिनांक 22 अगस्त 2023 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए शासन से अपनी मांग मनवाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी को कलेक्टर सरगुजा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाना है।

छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन से लेकर अब तक विभिन्न लिपिक संघ द्वारा लिपिकों के वेतनमान सुधार हेतु समय-समय पर अपने स्तर पर संघर्ष किया गया। चूंकि सभी अलग अलग होकर संघर्ष कर रहे थे इसलिए किसी भी संगठन को अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुआ । वर्ष 2011-12 एवं वर्ष 2012-13 में लिपिक साथियों ने एक साथ मिलकर वेतन विसंगति का निराकरण कराने हेतु 21 तथा 35 दिवस का अभूतपूर्व अनिश्चितकालीन आंदोलन किया। जिसका परिणाम साथियों को ?250 एवं ?500 का कंप्यूटर कंप्यूटर प्रोत्साहित किया गया। साथियों इससे हम कभी संतुष्ट नहीं रहे और रहना भी नहीं चाहिए क्योंकि तत्कालीन परिस्थिति के अनुसार सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया था। लिपिकों की वेतन विसंगति निराकरण हेतु इसके पश्चात भी विभिन्न संघ द्वारा अपने स्तर पर संघर्ष किया गया। वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने 27 दिनों का अनिश्चितकालीन आंदोलन किया तभी अपेक्षित परिणाम प्राप्त हुआ ।इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष याचिका भी दायर किया गया है जिसका जवाब दावा प्रस्तुत करने हेतु अप्रैल 2023 में निर्देशित किया गया है । दिनांक 17 फरवरी 2019 को बिलासपुर में लिपिको के महा अधिवेशन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि आपकी मांगे पूरी की जाएंगी। छत्तीसगढ़ राज्य गठन से लेकर अब तक विभिन्न साथियों के साथ साझा प्रयासों से वेतन विसंगति निवारण हेतु श्री मनोज जी प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया समिति के समक्ष लिपिक संघ द्वाराअपना पक्ष प्रस्तुत किया गया किंतु समिति का प्रतिवेदन आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया गया है जिसके कारण लिपिकों की पीड़ा यथावत बनी हुई है।

सभी लिपिक संघो ने छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन बनाते हुए दिनांक 22 अगस्त 2023 को 1 दिन का सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग रखे जाने का निर्णय लिया है। इसके पश्चात भी यदि सरकार हमारी बात नहीं सुनती है तो दिनांक 4 सितंबर 2023 से काम-बंद, कलम- बंद अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

# 1 करोड़ की राशि से चौपाटी में मॉड्युलर गुमटियों का होगा निर्माण

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)



चौपाटी को बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के व्यक्तिगत प्रयास से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से 1 करोड़ रुपय की राशि नगर पालिक निगम को इस कार्य हेतु प्रस्तावित किया गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रयास पर उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से 1 करोड़ रुपय इस कार्य हेतु उपलब्ध कराया है। चौपाटी में कार्यो को प्रारंभ करने एवं उसकी कार्ययोजना बनाने के लिए सोमवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं महापौर डॉ. अजय तिर्की ने चौपाटी का दौरा किया। इस पूरे काम को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए नगर निगम तत्पर है। इस दौरान विवेक सिंह, शुभम जायसवाल, मिथुन सिंह सहित नगर निगम का अमला भी वहां पर मौजूद था।

# मितानिन ने महिला डॉक्टर पर लगाया थप्पड़ मारने का आरोप

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)



मितानिन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला चिकित्सक पर थपड़ मारने का आरोप लगाया है। घटना से नाराज मितानिनों ने मंगलवार को अंबिकापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार शांति केरकेट्टा अंबिकापुर शहरी क्षेत्र के मितानिन कार्यक्रर्ता के रूप में कार्य करती है। वह रविवार की सुबह शहर के केनाबांध से एक महिला को चेकअप के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित एमसीएच पहुंची थी। यहां ग्रामीण क्षेत्र से भी एक मितानिन महिला मरीज को लेकर आई थी। किसी बात को लेकर डॉक्टर प्रियंका द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से आई मितानिन से अभद्र व्यवहार कर रही थी। तभी मितानिन शांति देवी ने विरोध जताया और कहा कि इस तरह से क्यों बात कर रहे हैं। इससे डॉक्टर प्रियंका नाराज हो गई और मितानिनों को गाली गलौज करने लगी। मितानिन शांति द्वारा मामले का वीडियो मोबाइल से बनाया जा रहा था। डॉक्टर ने मितानिन के हाथ से मोबाइल छीन ली और एक थप्पड़ उसके चेहरे पर जड़ दी। महिला डॉक्टर द्वारा थप्पड़ जडने से नाराज मितानिन शांति ने मामले की शिकायत अपने संघ से की। इसके बाद सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के मितानिन सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव किया और मामले की शिकायत सीएमएचओ से की।

CMYK

# क्या पटना सरपंच का कांग्रेस प्रवेश लगभग तय ?...

# बिहारीलाल राजवाड़े के समर्थन में नजर आई पटना सरपंच

## अपने पूर्व सरपंच पति के साथ पटना सरपंच पहुंची ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष,बिहारीलाल राजवाड़े भी रहे मौजूद

- बिहारीलाल राजवाड़े ने दर्ज कराई,इस दौरान अपनी दावेदारी,विधानसभा चुनाव में खुद के लिए मांगा कांग्रेस से टिकट
- बिहारीलाल राजवाड़े पूर्व में लड़ चुके हैं जनता जोगी कांग्रेस से विधानसभा का चुनाव,बाद में उन्होंने कर लिया है कांग्रेस प्रवेश
- पूर्व मंत्री और राजवाड़े समाज से आने वाले पूर्व भाजपा विधायक की पिछली चुनाव में हार का कारण भी बन चुके हैं बिहारीलाल राजवाड़े
- लगभग 9 हजार से ज्यादा मत प्राप्त कर बिहारीलाल राजवाड़े थे पिछले चुनाव में चौथे स्थान पर
- भईयालाल राजवाड़े का भाजपा काट सकती है टिकट,भाजपा सूत्रों की माने तो पिछली हार है इसकी वजह
- राजवाड़े समाज में पिछले चुनाव में हुआ था मत विभाजन इसलिए भईयालाल राजवाड़े की हुई थी हार।
- भईयालाल राजवाड़े का यदि भाजपा काटती है बैकुंठपुर से टिकट तो पिछले चुनाव का परिणाम होगी इसकी वजह
- सूत्रों की माने तो बिहारीलाल राजवाड़े को पिछले चुनाव में मिले मतों की वजह से ही कट सकता है भईयालाल राजवाड़े का टिकट
- पटना सरपंच उप सरपंच का कांग्रेस प्रवेश बिहारीलाल राजवाड़े की होगी बड़ी उपलब्धि,अब तक वह निर्दलीय होकर ही जीतते आ रहे थे ग्राम पंचायत का चुनाव

– रवि सिंह–
बैकुण्ठपुर, 21 अगस्त 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र चुनाव के लिए अब ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष कांग्रेस पार्टी से दावेदारों की दावेदारी सामने आने लगी है और इसी क्रम में राजवाड़े समाज से आने वाले बिहारीलाल राजवाड़े ने अपना आवेदन दावेदारी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर अध्यक्ष अजय सिंह को सौंपा है, जिस दौरान उनके साथ पटना सरपंच एवम उनके पति पूर्व सरपंच भी मौजूद नजर आए जो ग्राम पंचायत पटना से तीन बार सरपंच रहते हुए भी अभी तक निर्दलीय माने जाते रहे और उन्हे इसी वजह से जीत मिलती रही, पटना सरपंच एवम उनके पति पूर्व सरपंच की बिहारीलाल राजवाड़े के साथ उनके कांग्रेस पार्टी बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष के समक्ष बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी के दौरान उपस्थिति से यह भी तय नजर आया की जल्द ही वह बिहारीलाल राजवाड़े के नेतृत्व में कांग्रेस भी प्रवेश करने वाली हैं और इस तरह अब पटना सरपंच अब निर्दलीय न रहकर एक दल से जुड़ी नजर आएंगी, पटना सरपंच वैसे तीन पंचवर्षीय सरपंच साबित हो चुकी हैं या उनका परिवार तीन पंचवर्षीय कार्यकाल पूरा करने जा रहा है जबकि इस दौरान वह निर्दलीय रहकर ही चुनाव में जीत दर्ज करने वाला परिवार बना रहा है भले बात उनके पति के जीत की हो या फिर उनके स्वयं के दो बार की जीत की बात हो वैसे यदि वह जैसा की स्पष्ट भी नजर आ रहा है की वह या उनका झुकाव कांग्रेस की तरफ हो चुका है और ऐसे में वह कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करती हैं तो इसका श्रेय बिहारीलाल राजवाड़े को जायेगा जो कहीं न कहीं सही भी है।

### बिहारीलाल राजवाड़े कांग्रेस पार्टी के लिए विधानसभा चुनाव में हो सकते हैं दूसरे जिताऊ और प्रबल दावेदार

वैसे तो कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है की इस विधानसभा चुनाव में टिकट वर्तमान विधायक को ही मिलने जा रहा है और उनके विकल्प के तौर पर किसी को भी नहीं माना जा रहा है फिर भी यदि पार्टी से उम्मीदवार बतौर दूसरे विकल्प की बात की जाए तो वह बिहारीलाल राजवाड़े ही नजर आते हैं जिन्होंने या जिनकी वजह से ही पूर्व कैबिनेट मंत्री की पिछले चुनाव में हार हुई थी और जिन्होंने राजवाड़े समाज के मतों में ही विभाजन कर दिया था जिसकी वजह से भईयालाल राजवाड़े परास्त हुए थे।



### कांग्रेस पार्टी में भी राजवाड़े समाज अपनी हिस्सेदारी चाहता है...

वैसे बिहारी लाल राजवाड़े ने बैकुंठपुर विधानसभा से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर यह भी जता दिया की कांग्रेस पार्टी में भी राजवाड़े समाज अपनी हिस्सेदारी चाहता है और जो विधानसभा में उनके समाज के जनाधार को देखते हुए आवश्यक भी नजर आता है। बिहारी लाल राजवाड़े पिछले विधानसभा में भले ही जनता जोगी कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें जो मत चुनाव में मिले वह उनके व्यक्तिगत लोकप्रियता से प्राप्त हो सके थे और जो उनका स्थाई जनाधार था विधानसभा में जिसे नकारा नहीं जा सकता जो सच्चाई भी है, उन्होंने अपने समाज में जो मतों को लेकर सेंध लगाई थी वही पूर्व कैबिनेट मंत्री की हार की वजह बनी थी और वही पूर्व मंत्री के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट कटने की भी वजह बन रही है इस हिसाब से वह कांग्रेस के लिए फायदेमंद हो सकते हैं और यही जताने उन्होंने अपनी दावेदारी दर्ज की है वहीं उनके साथ पहुंची पटना सरपंच को और उनके पूर्व सरपंच पति को देखकर यह भी कहा जा सकता है की जिस सरपंच को और उनके पति को आज तक कोई राजनीतिक दल अपने पक्ष में नहीं कर सका और अब यदि जो तस्वीर देखकर समझा जा रहा है की उनका कांग्रेस प्रवेश तय है वह भी बिहारी लाल राजवाड़े की उपलब्धि कांग्रेस के लिए मानी जायेगी जो सही भी है।

### भईयालाल राजवाड़े के टिकट कटने की वजह भी उन्हे पिछली चुनाव में मिली हार है,अब समाज में उनकी पूरी तरह पकड़ नहीं यह भाजपा ने भी मान लिया

पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े पिछले चुनाव में हार गए थे और इसीलिए उन्हें इस चुनाव में यदि टिकट नहीं मिलता है तो इसकी वजह भी पुराने चुनाव में उनकी हार वजह मानी जायेगी जो सही भी मानी जा सकती है, यदि भाजपा उनका टिकट काटती है तो यह भी कहा जा सकता है की राजवाड़े समाज में पिछले चुनाव में जो सेंध बिहारीलाल राजवाड़े ने लगाई थी वह इसकी एकमात्र वजह बनी और भाजपा ने भी बैकुंठपुर विधानसभा में राजवाड़े समाज की पिछले चुनाव में मत विभाजन को आंक लिया है ऐसा माना जा रहा है इसलिए वह इस विधानसभा में यदि राजवाड़े समाज से टिकट नहीं देती है तो यह इसी सोच का नतीजा माना जायेगा।

### बिहारीलाल राजवाड़े अब राजवाड़े समाज का सम्हाल सकते हैं कमान,वह समाज के भी मत कांग्रेस पार्टी की तरफ कर सकते हैं रुख

भईयालाल राजवाड़े का यदि टिकट कटता है तो वह कितना सक्रिय रह सकेंगे राजनीति में यह अभी कह पाना संभव नहीं है वहीं राजवाड़े समाज का मत वह कितना अपने नियंत्रण में रख सकेंगे और उसका रुख किस स्तर तक किस तरफ कर सकेंगे यह भी देखने वाली बात होगी वहीं अब राजवाड़े समाज से सबसे सक्रिय नेता बिहारीलाल राजवाड़े होंगे और जो फिलहाल जोगी कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर चुके हैं और वह जिस प्रकार पिछले चुनाव में 9 हजार मत प्राप्त कर चुके हैं जो अब वह वही मत कांग्रेस पार्टी की तरफ करने का प्रयास करेंगे जिसका फायदा वर्तमान विधायक को मिलेगा जो तय नजर आ रहा है। बिहारीलाल राजवाड़े चूंकि सक्रिय रहने वाले हैं राजनीति में और राजवाड़े समाज भी भईयालाल राजवाड़े के बाद समाज से एक नेतृत्व तलाश करेगा जो उसे बिहारीलाल राजवाड़े में नजर आएगा जो भी आगे हो सकेगा देखा जा सकेगा।

### बिहारीलाल राजवाड़े पटना क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेताओं में भी हो जायेंगे शुमार

पटना सरपंच का कांग्रेस प्रवेश उसके बाद यदि पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े का टिकट भी भाजपा काटती है तब इसका सबसे ज्यादा फायदा और इसका पूरा श्रेय बिहारीलाल राजवाड़े को मिलने जा रहा है,क्योंकि यह दोनो उपलब्धि कांग्रेस के लिए बैकुंठपुर विधानसभा के हिसाब से बिहारीलाल राजवाड़े ही उपलब्ध कराने के कारण माने जाएंगे और ऐसी स्थिति में वह पटना क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के कद्दावर और प्रथम पंक्ति के नेताओं में शुमार हो जायेंगे जो तय नजर आ रहा है और शेष क्रम उनके बाद से ही शुरू नजर आएगा।

# कबाड़ चोरों के बुलंद हौसले के कारण एसईसीएल कुरासिया उपक्षेत्र बीते 2 दिनों से अंधकार में डूबा हुआ है...



- भाजपाई चिरमिरी थाना परिसर पहुंच कबाड़ चोर गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी की मांग

– रवि सिंह –
चिरमिरी,21 अगस्त 2023
(घटती-घटना)।

कबाड़ चोरों के बुलंद हौसले के कारण एसईसीएल कुरासिया उपक्षेत्र बीते 2 दिनों से अंधकार में डूबा हुआ है। गत शनिवार की दरमियानी रात कबाड़ चोरों के गिरोह ने कुरासिया पावर हाउस के समीप लगभग 45 मीटर लंबे हैवी केबल को सुरक्षा प्रहरीयों के सामने दमदारी के साथ काट कर ले गए। मेन पावर लाइन बाधित होने से समूचा गोदरीपारा क्षेत्र में ब्लैक आउट जैसी स्थिति निर्मित हो गई। केबल चोरी की घटना होने पर कोयला प्रबंधन कुरासिया द्वारा पुलिस को सूचना देकर इतिश्री मान ली और कछुए की गति से विद्युत आपूर्ति संधारण कार्य करना आरंभ किया। लगभग 2 हजार परिवार पर भीषण बिजली संकट को देखते हुए पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल ने देर रात अंधेरे में डूबे कालोनियों का मुआयना कर तत्काल कोयला प्रबंधन के उच्च अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को तत्काल बाधित बिजली वितरण को सुचारू रूप से आरंभ कराए जाने को कहा तथा दूसरे दिन कबाड़ चोरों की गिरफ्तारी की चेतावनी देते हुए थाना घेराव का आह्वान किया। आनन-फानन में चिरमिरी पुलिस द्वारा बिजली केबल चोरी में संलिप्त चोरों की धरपकड़ कर चोरी की केबल की बरामदगी की गई। पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल भाजपा मंडल चिरमिरी के तत्वाधान में बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता सुबह चिरमिरी थाना परिसर पहुंच कबाड़ चोर गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी की मांग की गई। तदोपरांत प्रदर्शनकारीयो द्वारा कुरासिया उपक्षेत्र कार्यालय पहुंचकर तत्काल बिजली सुचारू रूप से चालू करने की बात कही जिस पर उप क्षेत्रीय प्रबंधक कुरासिया द्वारा शाम 6 बजे तक बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से आरंभ कराने की के लिए आश्वस्त किया गया। वही भाजपा पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने शाम 6 बजे तक बिजली चालू नही होने पर सब एरिया आफिस के सामने धरना प्रदर्शन पर बैठने की बात कही है। सीएसपी चिरमिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में हुई केबल चोरी की सूचना पर चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उनके पास से चोरी किए हुए केबल भी बरामद कर लिया गया है।

पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की क्षेत्र में कबाड़चोर माफियाओ के हौसले इस कदर बुलंद हो हुए है कि आये दिन कालरी के करोड़ो के लोहा चोरी के साथ साथ एसईसीएल के अतिआवश्यक बिजली पानी व्यवस्थाओं को भी नेस्तानाबूत करने में कोई कोताही नही दिखाते।चिरमिरी में कबाड़चोरी में संलिप्त सफेदपोस पुलिस और एसईसीएल गार्डों को कुछ समझते ही नही। देर रात नशे में धुत्त कबाड़चोरों का गिरोह निकलता है और जो भी हाथ लग जाये बिना रोकटोक काट कर ले जाते है। एसईसीएल क्षेत्र में अब अति संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ को तैनात करने की भी मांग करते है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, श्रीमती इंदू पनेरिया, अभय जायसवाल, धर्मेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार वधावन, अरविंद अग्रवाल, अवधेश सिंह, बबलू डे, अजय सिंह, मनीष खटीक, संस्कार केसरवानी, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र दास सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैकुंठपुर विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक जायसवाल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के समक्ष पेश की अपनी दावेदारी

- बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव के लिए लाल मुनि यादव ने की दावेदारी...शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ता को सौंपा फार्म
- भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से भी तीन सामान्य वर्ग से आने वाले दावेदारों ने भी बैकुंठपुर विधानसभा से पेश की अपनी दावेदारी
- सोनहत निवासी तीन दावेदार जो हैं भरतपुर सोनहत विधायक के प्रतिनिधि उन्होंने बैकुंठपुर से क्यों पेश की दावेदारी यह बड़ा सवाल ?
- क्या यह बैकुंठपुर विधायक और भरतपुर सोनहत विधायक के बीच की आपसी टकराव की स्थिति
- सोनहत से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी प्रस्तुत करने वाले सभी दावेदार विधानसभा अध्यक्ष समर्थक भी
- एक नाम पर जब बनेगी सहमति सोनहत वाले बैकुंठपुर विधानसभा से किस एक प्रत्याशी के लिए लेंगे नाम वापस ?
- सोनहत वालों का बैकुंठपुर पहुंचकर दावेदारी करना कहीं विधानसभा अध्यक्ष की रणनीति तो नहीं यह भी है ?
- सोनहत से आई बैकुंठपुर विधानसभा के लिए दावेदारी के मायने क्या यह भी लोगों के लिए बड़ा प्रश्न

– रवि सिंह–
बैकुण्ठपुर, 21 अगस्त 2023
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक जायसवाल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी और इस तरह अब उन्होंने भी प्रक्रिया का पालन कर दिया जो दावेदारी के लिए पार्टी ने तय कर रखी है और जो केवल एक दिखावा मात्र है जो अब सभी जान चुके हैं,अशोक जायसवाल ने नियमानुसार आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष प्रस्तुत कर यह जता दिया की वह चुनाव लड़ने अभी भी तैयार हैं और यदि उन्हे मौका मिलेगा वह तैयार हैं पीछे हटने वाले नहीं।

वहीं भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से आने वाले सोनहत निवासी तीन अन्य सामान्य वर्ग के दावेदारों ने भी आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर के समक्ष बैकुंठपुर से अपनी दावेदारी प्रस्तुत की और उन्होंने बैकुंठपुर से चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर कर दी जो आज देखने को मिला। सोनहत से बैकुंठपुर विधानसभा के लिए आई दावेदारी ने सभी के लिए एक प्रश्न खड़ा कर दिया की आखिर किस कारण सोनहत वालों ने बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी प्रस्तुत की है जबकि बैकुंठपुर से ही दावेदारों की कमी नहीं है और यहीं आपसी खींचतान और अंदरूनी विरोध की स्थिति है। सोनहत से बैकुंठपुर विधानसभा के लिए दावेदारी प्रस्तुत करने वाले तीनों दावेदार एक तरफ भरतपुर सोनहत विधायक के प्रतिनिधि हैं विधानसभा अध्यक्ष के भी समर्थक हैं और उनकी दावेदारी ने यह भी सवाल खड़ा कर दिया की क्या वह जिले से अविभाजित जिले से जिसमे दो विधानसभा अनारक्षित सीट है और जहां ब्राह्मण समाज की आबादी अधिक है उसके बावजूद समाज को मौका नहीं देना उन्हे नागवार गुजरा इसलिए उन्होंने बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी प्रस्तुत की है। वैसे मामले में कई सवाल उठ रहे हैं और तरह तरह की चर्चा जारी है।



### ब्राह्मण समाज की उपेक्षा की वजह से तो सोनहत के तीन ब्राह्मण समाज से आने वाले लोगों ने अनारक्षित बैकुंठपुर सीट से पेश नहीं की दावेदारी ?

सवाल यह उठ रहा है की अविभाजित कोरिया जिले की दो विधानसभा अनारक्षित सीट है और दोनो विधानसभा में ही ब्राह्मण समाज की सख्या अच्छी खासी है और दोनो से ही किसी ब्राह्मण समाज उम्मीदवार को पार्टी ने मौका नहीं दिया और इसीलिए सोनहत निवासी तीन ब्राह्मण समाज से आने वाले कांग्रेसियों ने बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी प्रस्तुत की है और वह समाज की उपेक्षा एक तरह से समाने रख रहें हैं और चूंकि बैकुंठपुर में वर्तमान विधायक जिस जाति से आती हैं और उसकी जनसंख्या के मुकाबले ब्राह्मण जनसंख्या ज्यादा है जिस कारण बैकुंठपुर विधानसभा से ब्राह्मण समाज को ही मौका मिले यह उनकी दावेदारी का उद्देश्य है यह माना जा रहा है।

### सवाल यह भी की क्या यह भरतपुर सोनहत विधायक और बैकुंठपुर विधायक की आपसी टकराव की स्थिति तो नहीं ?

सोनहत से जिन तीन लोगों ने बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी प्रस्तुत की है वह तीनो भरतपुर सोनहत विधायक के खास हैं वहीं उनके प्रतिनिधि एवम हर पल उनके साथ रहने वाले हैं,ऐसे में उनकी दावेदारी कहीं दोनो विधायक की आपसी टकराव आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण तो नहीं यह बड़ा सवाल है।

### जब किसी एक के लिए बनाई जाएगी आम सहमति तब किसके लिए सोनहत निवासी देंगे समर्थन ?

सोनहत निवासी तीन दावेदार जो बैकुंठपुर से दावेदारी करने पहुंचे हैं वह किस दावेदार के पक्ष में अपना समर्थन देंगे बैकुंठपुर विधानसभा से यह भी सवाल है,क्योंकी पार्टी और उप मुख्यमंत्री का बयान सही माना जाए तो एक नाम पर अंतिम सहमति बनाई जाएगी और ऐसे में अन्य को समर्थन देना होगा अब यह तीनो किस तरफ जायेंगे देखने वाली बात होगी।

### सोनहत से दावेदार करने पहुंचे तीनों दावेदार विधानसभा दावेदारी के लिए नहीं नजर आते स्वीकार्य,फिर भी उनकी दावेदारी, प्रायोजित कुछ तो नहीं

सोनहत से जिन तीन लोगों ने बैकुंठपुर से दावेदारी प्रस्तुत की है वह चुनाव लड़ने या जनता के लिए स्वीकार्य चेहरे होंगे लगता नहीं, न कभी क्षेत्र दौरा और न कभी कोई भेंट मुलाकात क्षेत्र में, सीधे दावेदारी, जबकि वह ज्यादातर समय अपने विधानसभा जो दूसरा विधानसभा है लोग यह भी कहते सुने जा रहे है की चुनाव में दावेदारी करना बेहतर है अधिकार है सभी का लेकिन अब कोई भी जिसका कोई जनाधार ही नहीं कोई समाजिक कार्य भी क्षेत्र में नहीं वह भी कहीं भी दावेदारी कर सकता है जबकि पार्टी के ही आवेदन में सातवें नंबर कॉलम में क्षेत्र में सामाजिक कार्य का उल्लेख करना आवश्यक है।

### बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव से नापा अध्यक्ष लाल मुनि यादव ने भी की दावेदारी

बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पद के लिए नगर पालिका शिवपुर चर्चा की अध्यक्ष लाल मुनि यादव ने शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ता के पास प्रत्याशी पद के दावेदारी ठोकते हुए फार्म जमा किया, इस दौरान विक्रांत सिंह भी उनके साथ थे विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिए गए निशा दिशा निर्देशों के तहत प्रत्येक प्रत्याशी को ब्लॉक स्तर पर अपना फार्म जमा करना होता है चुनाव में जातिगत समीकरण का भी अपना महत्व है नगर पालिका शिवपुर चरचा की अध्यक्ष लाल मुनी जो की यादव समाज से आती हैं बैकुंठपुर विधानसभा में यादव समाज के मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है जिसका फायदा लाल मुनि को मिल सकता है इसके अतिरिक्त पारिवारिक पृष्ठभूमि के अनुसार इनके ससुर स्वर्गीय राम प्रवेश यादव कोयलांचल क्षेत्र के बेहद लोकप्रिय सर्वमान्य श्रमिक नेता थे, जिनकी जबरदस्त पकड़ पूरे बैकुंठपुर क्षेत्र मे थी, स्वर्गीय रामप्रवेश यादव अपने कार्यकाल के दौरान स्वर्गीय कोरिया कुमार के बेहद करीबी थे, उन्हें सदैव ही कोरियर कुमार का आशीर्वाद मिलता रहता था सहज सरल छवि के स्वर्गीय रामप्रवेश यादव आज भी स्थानीय लोगों के दिलो-दिमाग में बसे हुए हैं, उनके पुत्र भूपेंद्र यादव जो कि पूर्व में चरचा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष थे साथ ही चरचा कॉलरी के कर्मचारी भी हैं इस वजह से कोयला श्रमिकों उनके परिजनों व स्थानीय नागरिकों के बीच सीधी पहुंच है हर जरूरतमंद के सुख-दुख में निरंतर भागीदारी करने व विकास कार्यों के माध्यम से चरचा को नई दिशा व दशा देने में उनका अहम योगदान है,लाल मुनी यादव ने नगर पालिका शिवपुर चरचा की कमान संभालने के साथ ही अल्प समय में इतने ज्यादा काम कर दिखाएं जो विगत 15 वर्षों में नहीं हो सके मिलनसार, सहज एवं सौम्य छवि की लाल मुनि यादव के पास क्षेत्र का कोई भी नागरिक अपनी समस्या का समाधान या सहयोग के लिए पहुंचता है तो उसे अपेक्षा से बढ़कर सहयोग मिलता है, लाल मुनी यादव की लोकप्रियता काफी बड़ी है वे क्षेत्र में विकास की पहचान बन गई है बैकुंठपुर विधानसभा में हर क्षेत्र में उनकी पकड़ है कोरिया जिले में सर्वाधिक विकसित क्षेत्र में नगर पालिका शिवपुर चरचा का नाम आता है चरचा कालरी सहित कटकोना , पंडोपाड़ा, झिलमिली कलारी क्षेत्र के हजारों कर्मचारियों, अधिकारियों नागरिकों का समर्थन इन्हें प्राप्त है।

# प्रतापपुर विधानसभा में दावेदारों की फौज

## कांग्रेस में आवेदन देने की मची होड़

### एक साथ 9 प्रत्याशियों ने उम्मीदवारी हेतु दिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को आवेदन



-संवाददाता-
प्रतापपुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक प्रत्याशियों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके साथ ही जिले के तीनों विधानसभाओं में कांग्रेस प्रत्याशी बनने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त सामने आ रही है। विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों को लेकर संभावित दावेदार आवेदन फार्म लेकर अपने-अपने विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन जमा करने पहुंचने लगे हैं। अभी तक सबसे अधिक दावेदार प्रतापपुर विधानसभा में सामने आये हैं। इसी क्रम में आज एक साथ एकजुट होकर 9 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन पत्र ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव को सौंपा है इस क्रम में वर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल आयाम आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सूरजपुर शिव भजन सिंह मरावी आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रामदेव जागते पंचायती राज संगठन के संभागीय अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह टेकाम सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष सोनम सिह नगर पंचायत वाड्राफनगर के पार्षद विद्या चरण टेकाम नगर पंचायत जरही की पार्षद तुलसी सिंह आदिवासी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथनगर रामसुंदर सिंह सहित अन्य लोगों ने अपनी उम्मीदवारी का फॉर्म भरा है इस दौरान इन उम्मीदवारों ने वाड्राफनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व रघुनाथ नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को भी अपना आवेदन पत्र सौपा है इस प्रकार एक साथ 9 प्रत्याशियों के आवेदन जमा करने को लेकर पूरे विधानसभा में चर्चा का विषय बना हुआ है दावेदारों की लंबी सूची और चुनाव लड़ने की मची होड़ के बीच प्रतापपुर विधानसभा में अब तक लगभग एक दर्जन लोगों ने आवेदन किया है इस दौरान पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुशवाहा कुंदन मिश्रा जानसाय मरावी महबुब आलम पिंटू ओम प्रकाश कुशवाहा दीपक रवि सुनील दोहरे सहीत सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा में महिला उम्मीदवार प्रत्याशी घोषित होने के बाद कांग्रेस में भी महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी

प्रतापपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने जब से अपने प्रत्याशियों का नाम फाइनल किया है जिसमें उन्होंने एक महिला प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया है तब से ही कांग्रेस में भी महिला उम्मीदवारों की सुची बढ़ती ही जा रही है जिसमें सूरजपुर जिले की वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी जिला पंचायत सदस्य मंजू संतोष मिंज सरपंच व सरपंच संघ की अध्यक्ष सोनम सिंह जगते पार्षद तुलसी सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य कांति सिंह सहित अन्य नाम प्रमुखता से सामने आए हैं अब देखना है कि प्रदेश संगठन क्या निर्णय लेता है

# बालको पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
कोरबा,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिले के बालको क्षेत्र में दिनांक 05.08.23 के दरम्यानी रात्रि करीब 08.30 से दिनांक 06.08.23 के प्रातः 06.00 बजे के मध्य ममता ऑटो पार्ट्स परसाभाठा से अज्ञात आरोपी द्वारा मोटर सायकल का बैटरी करीबन 9-10 नग एवं मोटर सायकल का टायर 14-15 नग एवं मोबीऑयल एवं चैन किट किमती 32,000/- रूपये को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले जाया गया था द्य बालको पुलिस को उक्त सूचना पर थाना प्रभारी बालको द्वारा तत्काल विशेष टिम गट्ठीत कर मामले में पतासाजी पर लगाया गया द्य जिसपर पुलिस टिम के द्वारा काफी प्रयास कर आरोपी का पता तलाश किया गया द्य पता तलाश लगने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर ओमप्रकाश साहनी पिता राजदेव साहनी उम्र 21 वर्ष सा. डोमन पगईया थाना जैतपुर जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) जो की साहनी टायरी वर्कस का संचालन परसाभाठा में करता है ने बताया के दिनांक 05.08.23 के दरम्यान रात्रि ममता आटो पार्टस दुकान का ताला तोड़कर चोरी करना बताया गया तथा चोरी के सामान को अपने दुकान के छज्जा में रखना बताया द्य जिसपर पुलिस ने चोरी किए गए समान 17 नग टायर व 07 नग बैटरी किमती 39,000 / रूपये को दुकान से निकाल कर जब्त किया साथ ही आरोपी को अपराध क्रमांक 430 / 23 धारा-457, 380 भादवि

गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक मंजूषा पांडे प्रभारी बालको, सउनि मोतीलाल डनसेना, अजय सोनवानी, आर. मनोज मिर्जा, आर. हरीश मरावी का मुख्य योगदान रहा ।

# भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा द्वारा मनाया गया सावन उत्सव



-संवाददाता-
कोरबा,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार व कोरबा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यालय कोरबा में महिला मोर्चा कोरबा जिला द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक मंडल की बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया द्य इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती किरण मरकाम, कोरबा जिले से प्रभारी श्रीमती ज्योति पाण्डेय उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली रत्नपारखी के नेतृत्व में कोरबा जिले की जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, पार्षद बहनों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 2 लाख रूपये कीमत के नशीली दवाईयों सहित 3 आरोपियों को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नशे के खिलाफ सूरजपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी



-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अगस्त 2023
(घटती घटना)

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के द्वारा नशे के कारोबार के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश के बाद से जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 21.08.23 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक स्कार्पियों वाहन में 3 व्यक्ति नशीली दवाई बिक्री करने डिहरी बिहार से भैयाथान होते हुए सूरजपुर की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उंचडीह रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर स्कार्पियों वाहन सहित चन्द्रिका गिरी पिता स्व. करन गिरी उम्र 56 वर्ष, सुनील केंवट पिता बाबुलाल केंवट उम्र 24 वर्ष निवासी कोचिला, चिरगुड़ा, थाना पटना, जिला कोरिया व संजय सिंह पिता जयगोपाल उम्र 30 वर्ष सा. रामपुर गेल्हापारा, थाना पटना, जिला कोरिया को पकड़ा गया जिनके कब्जे से नशीली इंजेक्शन लिजेसिक 200 नग एवं एविल इंजेक्शन 200 नग कुल 400 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन व परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन जप्त कर धारा 21(सी), 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बसदेई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, एएसआई मानिकदास, बजरंगी लाल चौहान, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, थॉमस मिंज, निकेश जायसवाल, प्रदीप सोनवानी, देवदत्त दुबे व महिला आरक्षक विमला खलखो सक्रिय रहे।

# एनटीपीसी ने ब्रैंडन हॉल ग्रुप एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 में जीते 02 स्वर्ण

-संवाददाता-
कोरबा, 21 अगस्त 2023
(घटती घटना)




ब्रैंडन हॉल ग्रुप ने हाल ही में आयोजित एक ऑनलाइन प्रसारण में 31वें वार्षिक एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की। यहां बताते चलें की ब्रैंडन हॉल ग्रुप एक यूएस-आधारित अनुसंधान और विश्लेषक फर्म है, जिसके वैश्विक स्तर पर 10,000 से अधिक ग्राहक हैं और लगभग 30 वर्षों से अनुसंधान-आधारित समाधान प्रदान कर रहे हैं द्य जो हर दिन अपने अनुसंधान और उपकरणों के माध्यम से दुनिया भर के संगठनों में उत्कृष्टता को सशक्त बनाते हैं। उनका एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम , सीखने और प्रतिभा के लिए संगठनों को मान्यता देने वाला पहला कार्यक्रम था और यह स्वर्ण मानक है, जिसे ÷मानव पूंजी प्रबंधन अकादमी पुरस्कार÷ के रूप में जाना जाता है। जिसके अंतर्गत एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार उन शीर्ष संगठनों को मान्यता देते हैं जिन्होंने मानव पूंजी प्रबंधन में बेहतर और मापने योग्य परिणाम प्राप्त करने वाले कार्यक्रमों, रणनीतियों, तौर-तरीकों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और उपकरणों को सफलतापूर्वक अपने कार्य क्षेत्रों में उपयोग किया है। इस एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार अंतर्गत एनटीपीसी को दो अलग-अलग श्रेणियों में स्वर्ण पुरस्कार का गौरवशाली विजेता घोषित किया गया द्य 01) नेतृत्व विकास पुरस्कार क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अद्वितीय या अभिनव नेतृत्व कार्यक्रम 02) शिक्षण और विकास पुरस्कार क्षेत्र में शिक्षण कार्यक्रम के सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए दिया गया। इस गौरवपूर्ण दोहरी विजय एनटीपीसी की उपलब्धियों की असाधारण प्रकृति को उजागर करता है।

ब्रैंडन हॉल ग्रुप एचसीएम (मानव पूंजी प्रबंधन) उत्कृष्टता पुरस्कार के कठोर निर्णय प्रक्रिया के आधार पर एनटीपीसी को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें आवेदनों का मूल्यांकन स्वतंत्र उद्योग विशेषज्ञों और वरिष्ठ विश्लेषकों और ब्रैंडन हॉल समूह की कार्यकारी टीम के एक अंतरराष्ट्रीय पैनल द्वारा किया गया।उक्त निर्णय निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित था जिसमे आवश्यकता के अनुरूप, कार्यक्रम का डिज़ाइन, कार्यक्षमता, नवाचार और समग्र मापनीय लाभ को शामिल किया गया था।

# पेंशनर्स समाज का विस्तार किया गया

-संवाददाता-
सूरजपुर, 21 अगस्त 2023, (घटती घटना)




**सूरजपुर** । छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के सूरजपुर जिला अध्यक्ष दयानंद चौबे ने सोमवार को पेंशनर्स समाज का विस्तार किया गया पेंशनर्स के लिए इनको भी दिक्कतों का सामना ना करना पड़े इस को ध्यान में रखते संरक्षक एस के तिवारी, संयोजक एस एन पटेल, सुरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर के दुबे, उपाध्यक्ष चन्द्रहासमणी त्रिपाठी , आर डी सिंह, पुनीता द्विवेदी , विनय सरकार, भूमि नाथ चतुर्वेदी , जय कृष्णा ओझा, आर आर मिश्रा, रविशंकर मिश्रा, सी बी एल कुशवाहा, सीताराम देवांगन, राजकुमार कुशवाहा, सचिव सलीम खान, कोषाध्यक्ष शेख इश्तियाक , सहसचिव प्रवीण तिवारी, नसीम सिद्दीकी , प्रचार मंत्री, महेंद्र उपाध्यक्ष, शिवकुमार पाण्डेय, कार्यकारिणी समिति राधारमण मिश्रा, युवराज कुशवाहा, हीरामणि पाण्डेय, प्रदीप गुप्ता, आर एन चौबे , राधेश्याम शर्मा, पारस पटेल मुरली प्रसाद साहू, मोहन कुशवाहा शामिल है

# बालको महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव



-संवाददाता-
कोरबा,21 अगस्त 2023, (घटती घटना)

बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा पुलिस अधीक्षक उदय किरण की धर्मपत्नी श्रीमती श्रेया पांडे थीं। मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणेश स्तुति और शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर श्रीमती सिमरन कौर ने महिला मंडल की सभी सदस्याओं और मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बालको महिला मंडल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालकोनगर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-2/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक राकेश गुप्ता आ0 राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता जाति कलार निवासी अम्बिकापुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम खम्हरिया,तहसील उदयपुर जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 166/2 रकबा 0.024 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 28.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-2/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक राकेश गुप्ता आ0 राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता जाति कलार निवासी अम्बिकापुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम खम्हरिया,तहसील उदयपुर जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 230/1 रकबा 0.902 हे0भूमि में से 0.024 हे0भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 26.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर**

रा.प्र.क्र./ब-21/2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पिवरी को सूचित किया जाता है, कि श्री अभिषेक कुमार आ0श्री रामप्रसाद निवासी ग्राम पिवरी थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने पिता रामप्रसाद आ0 बागर साय का मृत्यु दिनांक 18/05/1998 (अठारह मई उन्नीस सौ अनठान्वे) के होने पर अपने पिता रामप्रसाद आ0 बागर साय का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो वह अपना आपत्ति दिनांक 07/09/2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नही किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर**

रा.प्र.क्र./ब-21/2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पिवरी को सूचित किया जाता है, कि श्री शिवबरन आ0 श्री रामनाथ निवासी ग्राम पिवरी थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने पिता रामनाथ आ0 बोलाई राम का मृत्यु दिनांक 15/07/2003 (पन्द्रह जुलाई दो हजार तीन) के होने पर अपने पिता श्री रामनाथ आ0 बोलाई राम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो वह अपना आपत्ति दिनांक 07/09/2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नही किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर**

रा.प्र.क्र./ब-21/2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पिवरी को सूचित किया जाता है, कि श्री अभिषेक कुमार आ0 श्री राम प्रसाद निवासी ग्राम पिवरी थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने बाबा बागर साय आ0 गौवंटू राम का मृत्यु दिनांक 24/10/2005 (चौबीस अक्टूबर दो हजार पांच) के होने पर अपने पिता श्री बागर साय आ0 गौवंटू राम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो वह अपना आपत्ति दिनांक 07/09/2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नही किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर

**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला सरगुजा()**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-20(1)/2021-22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/साल-01/2019 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11/09/20219 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ0ग0 राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक प्रेम कुमार बड़ा आ0 अमरूस बड़ा निवासी भगवानपुरकला, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला/ग्राम भगवानपुरकला, अम्बिकापुर स्थित शासकीय राजस्व भूमि खसरा नम्बर 321 रकबा 0.590 हे0 मे से रकबा 250.56 वर्गमीटर भूमि पर मकान व बाड़ी निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश दिनांक 06/09/2023 तक नयायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार नजूल अम्बिकापुर

# एशियाई खेलों में कप्तानी करते समय धोनी से मिली सीख पर अमल करेंगे गायकवाड़



**डबलिन,21 अगस्त 2023।** रुतुराज गायकवाड़ का मानना है कि किसी टीम का नेतृत्व करना आसान काम नहीं है लेकिन वह अगले महीने एशियाई खेलों में भारत की कप्तानी करते समय चेन्नई सुपर किंग्स में अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिली सीख पर अमल करके उनकी तरह इसे सरल बनाने की कोशिश करेंगे।

गायकवाड़ हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में युवा टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि उस समय टीम के सीनियर खिलाड़ी विश्वकप की तैयारियों में लगे होंगे।

गायकवाड़ ने कहा,ईमानदारी से कहूं तो किसी टीम की कप्तानी करना बेहद जटिल चीज है। जैसे कि माही भाई ( धोनी) हमेशा कहते रहते हैं कि एक बार में एक मैच पर ध्यान दो और भविष्य को लेकर चिंता मत करो।

उन्होंने कहा, हर कोई चीजों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करता है। मैं उन लोगों में शामिल नहीं हूं जो सोशल मीडिया पर ध्यान देते हैं या फिर उन बातों पर गौर करते हैं जो मेरे बारे में कही जा रही हों।

गायकवाड़ ने आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 33 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि यह एक ऐसी चीज है जो मैंने चेन्नई सुपर किंग्स में सीखी। मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और फिर घर लौट कर अपने दोस्तों के साथ समय बिताने को लेकर मेरी राय बहुत स्पष्ट है।

वेस्टइंडीज दौरे में अधिकतर समय बाहर बैठे रहने वाला दाएं हाथ का यह बल्लेबाज आयरलैंड में पारी का आगाज कर रहा है। उन्होंने दूसरे मैच में धीमी शुरुआत के बाद 43 गेंदों पर 58 रन की मैच विजेता पारी खेली।

गायकवाड़ ने कहा, रात को बारिश होने के कारण विकेट में थोड़ा नमी थी और गेंद रुक कर बल्ले पर आ रही थी। ऐसे में इस विकेट पर शॉट खेलना आसान नहीं था। सलामी बल्लेबाज होने के कारण मेरे पास कुछ गेंदों को छोड़कर क्रीज पर पांव जमाने और फिर उसकी भरपाई करने का मौका था।

उन्होंने कहा, आमतौर पर जब बाकी बल्लेबाज क्रीज पर उतरते हैं तो बहुत कम ओवर बचे रहते हैं और ऐसे में आप अधिक गेंदों को खाली नहीं छोड़ सकते। एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर आपको विकेट का आकलन करने का पर्याप्त समय मिलता है।

गायकवाड़ को नियमित तौर पर खेलने का मौका नहीं मिलता और इसलिए आयरलैंड श्रृंखला उनके लिए अधिक महत्वपूर्ण बन जाती है। उन्होंने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है। जब आप पहले मैच से खेलते हो तो यह काफी भिन्न होता है। आप काफी आत्मविश्वास, अच्छी तैयारी और सही मानसिकता के साथ क्रीज पर उतरते हो। मुख्य टीम में बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं इसलिए वहां मौका नहीं है। ऐसे में यह शानदार अवसर है और अभी हमें एक और मैच खेलना है।

गायकवाड़ ने रिंकू सिंह की भी तारीफ की जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाई और यहां दूसरे मैच में मौका मिलने पर 21 गेंदों पर 38 रन की तूफानी पारी खेली।

गायकवाड़ ने कहा, वह आईपीएल में ही सबका चहेता खिलाड़ी बन गया था। इस साल वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है, उसमें काफी परिपक्वता नजर आती है और सबसे अच्छी बात यह है कि वह पहली गेंद से ही आक्रमण नहीं करता है। वह परिस्थितियों का आकलन करके फिर आक्रमण करता है।

## एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान ,राहुल और बुमराह की टीम में वापसी




**नई दिल्ली,21 अगस्त 2023।** एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम की ऐलान कर दिया गया है। टीम में रोहित शर्मा कप्तान और हार्दिक पंड्या को उपकप्तान बनाया गया है ,वही टीम में शुभमन गिल ,विराट कोहली,श्रेयसअय्यर ,सूर्य कुमार यादव ,तिलक वर्मा ,चरु राहुल ,ईशान किशन,रविंद्र जडेजा,शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल,कुलदीप यादव,जसप्रीत बुमराह मोहमद शमी,मोहमद सिराज,प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया है। वही संजू सेमसन को बेकअप प्लेयर के रूप में रखा गया है। लेकिन केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को फिटनेस टेस्ट के आधार पर टीम में जगह मिली है।

एशिया कप 2023 : 31 अगस्त से 17 सितंबर तक आयोजित , पाकिस्तान में होंगे चार मैच

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने जानकारी देते हुए बताया एशिया कप 2023 31 अगस्त से 17 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें कुल 13 रोमांचक एकदिवसीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में होस्ट किया जाएगा, जिसमें चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी के नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

## खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए राइफल निशानेबाज मेहुली घोष को सराहा



**सिडनी,21 अगस्त 2023।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अजरबैजान के बाकू में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए निशानेबाज मेहुली घोष की सराहना की। क्वालीफिकेशन में 634.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहने के बाद, मेहुली ने 24-शॉट के आठ-महिला फाइनल में 229.8 का स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया, जो उनके लिए ओलंपिक कोटा स्थान दिलाने के लिए पर्याप्त था। 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए निशानेबाजी में यह भारत का चौथा कोटा स्थान था। भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), मौजूदा विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) और स्वप्निल कुसाले (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा जीता है।हालाँकि, मेहुली ने तिलोत्तमा और रमिता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में कुल 1895.9 के साथ जीत हासिल की, चीन से आगे रहीं, जिन्होंने कुल 1893.7 अंक हासिल किए। जर्मनी ने कांस्य पदक जीता।

प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में खेल मंत्री ने लिखा, आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में देश का पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए सनसनीखेज सटॅाप स्कीम शूटिंग तिकड़ी तिलोत्तमा सेन, मेहुली घोष और रमिता को हार्दिक बधाई।

उन्होंने कहा, प्रतिभाशाली 22 वर्षीय मेहुली को महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए भी बधाई, साथ ही राष्ट्र के लिए सपेरिस2024 कोटा के साथ, अपनी असाधारण निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। युवा प्रतिभाशाली, 15 वर्षीय तिलोत्तमा को प्रदर्शन के लिए विशेष बधाई। फ़ाइनल में प्रभावशाली चौथे स्थान पर रहने के साथ अभूतपूर्व कौशल। भारत ने अब तक बाकू में चार पदक जीते हैं दो स्वर्ण और दो कांस्य।

# स्पेन बना महिला विश्व कप फुटबाल का नया चैंपियन

**सिडनी,21अगस्त 2023।** फीफा महिला विश्व कप ट्रॉफी पर एक नया नाम दर्ज हो गया। स्पेन की टीम ने इंग्लैंड को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार स्पेन की टीम यह खिताब हासिल करने वाली पांचवीं टीम बन गई।ओल्गा कार्मोना ने मैच के 29वें मिनट में किए गए गोल से यह सुनिश्चित कर दिया कि जर्मनी के बाद पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब जीतने वाला स्पेन दूसरा देश बने। 2010 में स्पेन की पुरुषों की टीम ने खिताब जीता था।

स्पेन की एताना बोनमती और सलमा पारलुएलो ने क्रमशः गोल्डन बॉल और सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इंग्लैंड की मैरी इयरप्स को गोल्डन ग्लव पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि गोल्डन बूट जापान की हिनाता मियाज़ावा को दिया गया, जिन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए।

सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने सह-मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि स्पेन ने कड़ी टक्कर के स्वीडन को 2-1 से हराया था।

स्पेन की टीम एलेक्सिया पुटेलस की जगह पारलुएलो को शामिल करते हुए खचाखच भरे स्टेडियम में 4-3-3 के फॉर्मेशन के साथ उतरी, जबकि इंग्लैंड ने लॉरेन जेम्स के निलंबन के बाद फिर से उपलब्ध होने के बावजूद अपनी शुरुआती लाइन-अप को अपरिवर्तित रखा।



दोनों पक्षों की सबसे हालिया भिड़ंत यूईएफए महिला यूरो 2022 क्वार्टर फाइनल में थी, जहां इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय में स्पेन पर 2-1 से जीत हासिल की थी।

एक समान शुरुआत में दोनों पक्षों ने लगातार मौके बनाए। लॉरेन हेम्प 16वें मिनट में इंग्लैंड को आगे करने के करीब थीं, लेकिन उनके बाएं पैर से किया गया हमला बार पर जा टकराया।

स्पेन ने एक मिनट बाद जवाबी हमला किया। पारलुएलो कार्मोना का प्रयास अंत तक पहुंचने में विफल रहा। ला रोजा 29वें मिनट में आगे हो गई, जब उन्होंने मिडफ़ील्ड में गेंट पर कब्ज़ा हासिल कर लिया। टेरेसा एबेलेइरा गेंद को बाईं ओर ले गई और मैरियोना कैल्डेंटे ने इसे कार्मोना के लिए रखा, जिसने पहली बार गेंद पर रॉकेट की तरह प्रहार किया, जो इग्लैंड की गोलकीपर इयरप्स को छकाकर आगे निकल गया और स्पेन की टीम 1-0 से आगे हो गई।

मध्यांतर के तुरंत बाद स्पेन के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था, लेकिन पारलुएलो के प्रयास विफल रहा।

ब्रेक के बाद स्पेन ने कई मौके बनाए।कैल्डेंटी ने ईयरप्स को एक हाथ से बचाने के लिए मजबूर किया, जबकि बोनमती ने बार पर प्रहार किया।

64वें मिनट में, गेंद केइरा वॉल्श के हाथ में लगी और रेफरी ने लंबी वीएआर जांच के बाद पेनाल्टी दे दी, लेकिन इयरप्स ने जेनिफर हर्मोसो के प्रयास को विफल कर दिया।

जेम्स ने 76वें मिनट में स्पेन के गोलकीपर कैटा कोल को छकाया, लेकिन उनका प्रयास विफल हो गया।

अंतिम मिनटों में स्पेन खतरनाक बना रहा। लेकिन इयरप्स ने ओना बैटल के हमले का बचाव किया। आखिरी छड़ों में इंग्लैंड की टीम ने कुछ अच्छे मूव बनाए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

चार साल पहले राउंड ऑफ़ 16 में बाहर होने और 2015 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहने के बाद, महिला विश्व कप में स्पेन की यह तीसरी उपस्थिति थी।

## दिल्ली नहीं,अब यूपी से खेलेंगे नीतीश राणा



**नई दिल्ली,21 अगस्त 2023।** भारतीय क्रिकेटर नीतीश राणा ने घोषणा की है कि वह उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे और मौजूदा 2023-24 घरेलू क्रिकेट सीजन से दिल्ली का साथ छोड़ देंगे।

आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले बाएं हाथ के ऑलराउंडर बल्लेबाज नीतीश राणा, अब घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

वह इस टीम में अपनी आईपीएल टीम के साथी रिंकू सिंह के साथ जुड़ेंगे। वह अब यूपीटी20 लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के लिए पात्र हैं, जहां वह नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे।

राणा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं उन अवसरों, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी हूं जो डीडीसीए ने मुझे वर्षों से प्रदान किए हैं। जैसे-जैसे मैं नए मुकाम की ओर बढ़ रहा हूं, मैं दिल्ली क्रिकेट की कप्तानी करते हुए अपनी जर्नी को हमेशा याद रखूंगा।

मैं डीडीसीए के साथ अपने कार्यकाल के दौरान रोहन जेटली के समर्थन और सहयोग के लिए उनकी सराहना करना चाहता हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि अब अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है। मैं बहुत सोच-समझकर इस निर्णय पर आया हूं और मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं आगामी घरेलू सत्र से यूपीसीए में शामिल हो जाऊंगा।

राणा ने कहा, मैं यूपीसीए के लिए खेलने के लिए उत्साहित हूं और मैं नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सभी के साथ काम करने के लिए बेताब हूं।

राणा ने दिल्ली और डीडीसीए से एनओसी के लिए आवेदन किया था। जब उनके लंबे समय तक दिल्ली टीम के साथी, ध्रुव शोरे को दो बार की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम विदर्भ में जाने की पुष्टि की गई थी।

भारत के लिए एक वनडे और दो टी20 मैच खेलने के साथ राणा, दिल्ली की घरेलू टीम में नियमित खिलाड़ी थे और यहां तक कि उन्होंने कप्तान के रूप में भी काम किया। लेकिन वह पिछले सीज़न खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और बाद में उन्हें रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया।

## वर्ल्ड कप का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है : राजीव शुक्ला



**लखनऊ , 21 अगस्त 2023।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने वर्ल्ड कप-2023 में बदलाव के लिए जो अनुरोध किया है, वो मुमकिन नहीं है।

हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने वनडे कप कार्यक्रम में बदलाव के लिए अनुरोध किया था क्योंकि स्थानीय पुलिस ने बैक-टू-बैक मैचों की मेजबानी पर चिंता जताई थी जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका का मैच भी शामिल है। शुक्ला ने यूपीटी20 लीग लॉन्च के मौके पर कहा, मैं विश्व कप के लिए हैदराबाद आयोजन स्थल का प्रभारी हूं। अगर कोई मसला या कोई बात होगी तो उसे सुलझाने का प्रयास करेंगे। विश्व कप कार्यक्रम में बदलाव करना आसान नहीं है और ऐसा होने की संभावना भी नहीं है। केवल बीसीसीआई ही कार्यक्रम, टीमें, आईसीसी, सभी को नहीं बदल सकता।

एचसीए, 45 मैचों में से केवल तीन की मेजबानी करने वाला है। ये तीन मैच राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## बांग्लादेश में हुए विवाद पर हरमनप्रीत कौर का बयान



**सिडनी , 21 अगस्त 2023।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को बांग्लादेश में अंपायर और फिर बांग्लादेशी टीम के साथ बदसलूकी करनी भारी पड़ी। आईसीसी ने हरमनप्रीत पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें दो अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बैन कर दिया। ऐसे में अब आगामी एशियन गेम्स में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच नहीं खेल पाएंगी। हालांकि, इस पूरे मामले पर भारतीय कप्तान ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि, ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान उन्हें अपना आपा खोने पर कोई पछतावा नहीं है।

, ढाका में अंपायर के उन्हें आउट देने के बाद उन्होंने स्टंप पर बल्ला मार दिया था। मैच के बाद में भी उन्होंने बायलेटरल सीरीज के दौरान हुई अंपायरिंग को खराब बताया था। साथ ही प्रजेंटेशन सेरेमनी के दौरान बांग्लादेशी टीम के साथ बदसलूकी भी की थी। इसके बाद उन पर प्रतिबंध लगाया गया था। हरमनप्रीत ने महिलाओं के द हंड्रेड के दौरान एक इंटरव्यू में कहा कि मैं नहीं कहूंगी कि मुझे किसी चीज का कोई पछतावा है क्योंकि, बतौर खिलाड़ी आप ये देखना चाहते हैं कि चीजें ठीक चल रही हैं या नहीं। खिलाड़ी के रूप में आपके पास हमेशा खुद को अभिव्यक्त करने यानी कि आप क्या महसूस कर रहे हो, ये बताने का अधिकार होता है।

फिलहाल, हरमनप्रीत कौर ट्रेंट रॉकेट्स टीम के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी खिलाड़ी या किसी व्यक्ति से कुछ भी गलत कहा। मैदान पर जो हुआ मैंने सिर्फ उसके बारे में बताया। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है। प्रतिबंध के अलावा हरमनप्रीत के खाते में तीन डिमैरिट पॉइंट्स भी जोड़ दिए गए हैं। क्योंकि, उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति जताई थी।

## किंग ऑफ कोठा ने रचा इतिहास




दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान इन दिनों अपनी फिल्म किंग ऑफ कोठा को लेकर सुर्खियों में हैं।फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है, जिसमें गैंगस्टर की भूमिका में अभिनेता जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं।यह पैन इंडिया फिल्म मलयालम सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होते हुए अब न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर तक पहुंच गई है। ऐसा करने वाली किंग ऑफ कोठा पहली मलयालम फिल्म है, जिससे दुलकर काफी खुश हैं।

दुलकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा, मैं अपने उत्साह को नहीं रोक पा रहा हूं। किंग ऑफ कोठा पहली मलयालम फिल्म बन गई है, जिसका ट्रेलर टाइम्स स्क्वायर पर दिखाया गया है।अभिनेता का कहना है कि वह कई बार टाइम स्क्वायर गए हैं, लेकिन कभी वहां स्क्रीन पर दिखाई देने का सपना नहीं देखा था। यह व्यक्तिगत रूप से उनके लिए बड़ी उपलब्धि है और सबसे बड़ी श्रद्धांजलि, जो वे मलयालम सिनेमा को दे सकते हैं।किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर जारी होने के बाद शाहरुख खान ने ट्वीट कर दुलकर को बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की थी।दुलकर ने कहा, यह शायद पहली बार है कि शाहरुख ने किसी मलयालम फिल्म के बारे में ट्वीट किया। मैं उनका प्रशंसक हूं इसलिए यह मेरी लिए बड़ी बात थी।दुलकर का कहना कि शाहरुख के ट्वीट के बाद उनकी फिल्म की पहुंच भी बढ़ी है।किंग ऑफ कोठा के साथ अभिलाष जोशी बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह फिल्म ओणम के अवसर पर यानी 24 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।फिल्म मलयालम के साथ ही तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण वेफर्स फिल्म्स और जी स्टूडियो ने किया है। फिल्म में दुलकर के अलावा ऐश्वर्या लक्ष्मी, नायला उषा, डांसिंग रोज, सहित कई सितारे आएंगे। इसकी कहानी अभिलाष एन चंद्रन ने लिखी है।

दुलकर हाल ही में गन्स एंड गुलाब्स में नजर आ रहे हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।अभिनेता प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी में भी अहम किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे।इसके अलावा वह वेंकी एटलुरी की फिल्म लकी भास्कर का भी हिस्सा हैं, जिसका ऐलान उन्होंने अपने जन्मदिन पर किया था। इस फिल्म का निर्माण सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या अपने संबंधित बैनर सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तले करेंगे।

## रजनीकांत की जेलर बॉक्स ऑफिस पर ला रही सुनामी

### दुनियाभर में कमाई 500 करोड़ के पार

सिनेमा लवर्स और मेकर्स के लिए इस बार अगस्त बहुत खास है. जहां सनी देओल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है वहीं साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस कर रही है. रिलीज के बाद से ही इस फिल्म का देश के साथ विदेशों में भी डंका बज रहा है. ऐसे में 10वें दिन भी फिल्म ने तगड़ा कलेक्शन किया है. इसी के साथ ये फिल्म 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. आइए जानते हैं रजनीकांत स्टारर जेलर ने रिलीज के 10वें दिन कितनी कमाई की है.

तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म का सॉन्ग कावाला इसकी रिलीज से पहले ही पॉपुलर हो गया था. 10 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म का तहलका 10 दिन बाद भी मचा हुआ है. भारत में ही ये फिल्म 300 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है वहीं दुनियाभर में भी फिल्म का डंका बज रहा है.

रिपोर्ट के मुताबिक, रजनीकांत की जेलर ने रिलीज के 10वें दिन 18 करोड़ का कारोबार किया है. जिसके साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन 263.90 करोड़ रुपए हो गया है. वहीं दुनियाभर में इस फिल्म 500 करोड़ के पार पहुंच चुकी है. अब देखना ये होगा वीकेंड के दूसरे दिन फिल्म कितनी कमाई कर पाती है. बता दें इस फिल्म के साथ 2 साल बाद रजनीकांत ने



कमबैक किया है. इसके साथ ही ये पता चलता है थलाइवा स्टार रजनीकांत ऑल टाइम हिट स्टार हैं. ये तमिल सिनेमा की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कालीवुड फिल्म बन गई है. नेल्सन दीलिपकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने पोन्नियिन सेलवन 2, विक्रम, बाहुबली और आरआरआर जैसी बड़ी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है. इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णन, शिवा राजकुमार, विनायकन, जैकी श्रॉफ और मोहनलाल भी मुख्य किरदार में नजर आ रहे हैं.

# अब न्यायाधीश ने कांग्रेस पार्टी से मांगी टिकट



**इस सीट के लिए की दावेदारी**

**रायपुर,21 अगस्त 2023 (ए)।** कांकेर में पदस्थ सीजेएम कृष्णकांत भारद्वाज ने पद से इस्तीफा देते हुए बिलाईगढ़ सीट से कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग कर दी है। उनका कहना है कि अभी तक सच को जिता कर मैंने अपना कर्तव्य निभाया है, अब आने वाले समय में जनता का सेवक बनना चाहता हूं। प्रदेश में अब तक पुलिस और प्रशासनिक सेवा से जुड़े अधिकारियों के चुनाव मैदान में कूदने की खबरें तो आती रही हैं, मगर ऐसा पहली बार हो रहा है जब न्यायपालिका में प्रमुख पद पर बैठे मजिस्ट्रेट ने राजनीति के मैदान में ताल ठोंकी हो। कांकेर के न्यायलय में पदस्थ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (ष्छ्ठरू) कृष्णकांत भारद्वाज ने अपने पद से इस्तीफा देकर बिलाईगढ़ से टिकट मांगी है। उन्होंने इसके लिए 20 अगस्त को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बिलाईगढ़ को आवेदन सौंप दिया है।

### महीनों से चल रही है तैयारी

पता चला है कि सीजेएम कृष्णकांत भारद्वाज ने कुछ महीने पहले से ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से मुलाकात भी कर ली है। भारद्वाज काफी समय से जनसंपर्क महाअभियान में भी जुटे हुए हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कृष्णकांत साल 2020 से ही इलाके में काफी एक्टिव रहे हैं।
अब 6 सितंबर को कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली लिस्ट सामने आने वाली है।

### कौन हैं सीजेएम कृष्णकांत भारद्वाज

सीजेएम कृष्णकांत भारद्वाज छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ के ही रहने वाले हैं। उन्हें न्यायिक कार्य करते हुए लगभग 15 साल हो चुके हैं। वर्तमान में कृष्णकांत भारद्वाज कांकेर जिला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर रहे हैं।

### टिकट को लेकर कहा ये

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बिलाईगढ़ को आवेदन देने के बाद कृष्णकांत भारद्वाज ने कहा है कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिली तो कोई अफसोस नहीं होगा, क्योंकि मेरा उद्देश्य सिर्फ जनता की सेवा करना है।
बता दें कि बिलाईगढ़ विधानसभा में वर्तमान में कांग्रेस के चंद्रदेव राय विधायक है। शिक्षक नेता रहे चंद्रदेव रॉय ने भी साल 2018 में अपने पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। पिछले दिनों ही ई डी ने विधायक चंद्रदेव राय के यहां छापेमारी के बाद एक मामले में उन्हें आरोपी भी बनाया है। पार्टी अगर उनका टिकट काटती है तो कृष्णकांत भारद्वाज सशक्त दावेदार हो सकते हैं।



## रायपुर-भिलाई में ईडी की रेड

**» सद्दाम हुसैन और विजय दम्मानी और पियूष भाटिया जांच के घेरे में**

**रायपुर,21 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई है। ईडी ने आज राजधानी में दो जगहों पर तथा भिलाई के एक स्थान पर दबिश दी है। बताया जाता है कि ईडी की टीम ने तीनों स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपनी जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।
जिसमें रायपुर के अशोका रत्न स्तिथ 32 बंगला में कारोबारी सुनील दम्मानी और अनिल दम्मानी के यहां ईडी टीम पहुंची है। इनका व्यवसाय सप्लाई आदि का बताया जाता है। वहीं स्वर्णभूमि स्थित वकील पीयूष भाटिया के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। इसके साथ ही भिलाई स्थित फरीद नगर में मोहम्मद सद्दाम के यहां ईडी की रेड पड़ी हुई है। पेशे से ट्रांसपोर्टर सद्दाम के ऊपर ईडी की काफी पहले से नजर थी, बताया जाता है कि इसका नाम ऑनलाइन सट्टा, महादेव एप में भी नाम सामने आया था।

## सत्यनारायण शर्मा नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**रायपुर,21 अगस्त 2023(ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा इस साल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। वहीं दूसरी ओर यह खबर सामने आई कि सत्यनारायण शर्मा के पुत्र पंकज शर्मा ने ग्रामीण विधानसभा से दावेदारी करते हुए आज ब्लॉक अध्यक्ष को आवेदन सौंपा। बतादें कि पंकज शर्मा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी हैं।
वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा कांग्रेस से 7 बार के विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2023 के आखिरी महीने में होने वाली विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का उन्होंने फैसला किया है।
उधर पंकज शर्मा बिरगांव नगर निगम के महापौर समेत बड़ी संख्या में



कार्यकर्ताओं के साथ गांधी मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में टिकट के लिए आवेदन जमा करने पहुंचे। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को अपना आवेदन सौंपा। इस दौरान पंकज शर्मा ने कहा, ÷रायपुर ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ पांच सालों से हमारा सीधा जुड़ाव रहा है, जनता ने हम पर भरोसा जताया है। जनता की सेवा करने अब चुनावी मैदान पर उतरने आया हूं।÷

## राहुल गांधी के सम्मेलन में इन्हें मिलेगा चर्चा का मौका

**रायपुर,21 अगस्त 2023(ए)।** कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी 2 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इस दौरान वे युवा सम्मेलन में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सोमवार को बताया कि इस सम्मेलन में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य मौजूद रहेंगे।
उनके साथ पार्टी के सीनियर लीडर्स भी इस सम्मेलन में मौजूद रहेंगे, लेकिन कार्यक्रम युवाओं का होगा। ऐसे में राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के संबंध में युवाओं से चर्चा कर सकते हैं। बचा दें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की यात्रा को अहम माना जा रहा है।आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बड़े नेता छत्तीसगढ़ का दौरा पहले ही कर चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दफे छत्तीसगढ़ आ चुके हैं। बीजेपी छत्तीसगढ़ में एक बार फिर अपनी सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। वहीं, कांग्रेस पार्टी को पूरा भरोसा है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में एक बार फिर उसकी सत्ता में वापसी होगी। ऐसे में दोनों ही पार्टियां सत्ता के मैदान में कमर कस कर तैयार हैं।




छत्तीसगढ़ में 15 साल बाद वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में बीजेपी को हराकर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आयी थी। ऐसे में कांग्रेस अपनी साख बचाने का पूरा प्रयास करेगी।

## अपने विधायक की सुरक्षा नहीं कर पाए

**कैसे करेंगे सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा : अरुण साव**

**रायपुर,21 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनादगांव के खुज्जी की कांग्रेस महिला विधायक छन्नी साहू पर हुए हमले को लेकर सियासत गरमाने लगी है। विधायक छन्नी साहू पर हुए हमले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, यह हमला एक विधायक के ऊपर नहीं, यह छत्तीसगढ़ की सवा करोड़ बहू बेटियों पर हुआ है। राज्य सरकार अपनी पार्टी के एक विधायक की सुरक्षा करने में असक्षम है। तब यह सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा कैसे कर पाएंगे? राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चौपट है, यह हमला इसका उदाहरण है। एक ऐसी सरकार जो बेटियों की रक्षा न कर सके, जो अपनी पार्टी के विधायक की रक्षा न कर सके, ऐसी सरकार को पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है।अरुण साव ने महासमुंद में सीएम बघेल की ओर से की गई घोषणाओं को लेकर कहा, वे घोषणावीर सीएम हैं। धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है, चुनाव नजदीक आ रहा है जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह छत्तीसगढ़ की जनता राज्य सरकार के झूठे वादों में नहीं आएगी। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को झूठा वादा नहीं कर सकती।



### राज्यों के विधायकों की एक दिवसीय कार्यशाला

वहीं 21 प्रत्याशियों के साथ बैठक को लेकर प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि, चुनाव प्रचार अभियान को आगे कैसे बढ़ाना है, इसलिए बैठक की जाएगी। अन्य राज्यों से आए विधायकों की बैठक पर अरुण साव ने कहा, आज अन्य राज्यों के विधायकों की एक दिवसीय कार्यशाला है। आवंटित विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे, 7 दिनों तक पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।






प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)